भाद्रपद शुक्ल पक्ष-प्रतिपदा, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 73 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
03 सितम्बर 2024 मंगलवार

# दोपहर मेट्रो

बेबाक खबर हर दोपहर

आज का मौसम
30 अधिकतम
23 न्यूनतम



Page- 7

## महा-सदस्यता अभियान में फिर मिस-कॉल फार्मूला भी

# भाजपा ने कांग्रेस के मजबूत इलाकों में सेंधमारी शुरू की

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश में भाजपा का महा-सदस्यता अभियान आज शुरू हो गया है। हालांकि अभी कोई बड़ा चुनाव नहीं है लेकिन भाजपा ने लगभग चुनाव मिशन की तरह इसे शुरू किया है। पार्टी इसमें मिस्ड-कॉल से भी सदस्य बनाएगी। उसने सांसदों व विधायकों को भी लक्ष्य बांटे हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव प्रदेश भाजपा कार्यालय में मंत्रियों के साथ अपनी सदस्यता का नवीनीकरण करा रहे हैं। मुख्यमंत्री को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा सदस्यता दिला रहे हैं। खास बात यह है कि इस अभियान का एक और लक्ष्य है, वह है,कांग्रेस के मजबूत इलाकों में सेंध लगाना व कमर तोड़ना। दरअसल, भाजपा का सदस्यता अभियान में उन बूथों पर खास फोकस है, जहां पिछले तीन-चार चुनावों से लगातार भाजपा को हार का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस जिन बूथों पर मजबूत है उन बूथों पर भाजपा अपना सदस्यता अभियान खास जोर लगाकार कामयाब बनाने की रणनीति के साथ उतर रही है। अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि प्रदेश भर के 41 हजार डिजिटल कार्यकर्ता भाजपा की ताकत है। ये सभी मिलकर 64861 बूथों पर आज से अपनी भूमिका प्रारंभ करेंगे। बूथ सहायक से लेकर पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता 10-17 तारीख तक नए लोगों को पार्टी में शामिल कराएंगे। इसकी कार्यशाला भी हो चुकी है, जिसकी मॉनिटरिंग हम प्रतिदिन करते हैं। शर्मा ने कहा कि भाजपा केवल चुनावों की पार्टी नहीं। यह जीवंत और कैडर बेस ऑर्गनाइजेशन है।

### कांग्रेस के 26 लाख सदस्य, भाजपा का डेढ़ करोड़ का लक्ष्य

आगामी 25 सितंबर तक सदस्यता अभियान के पहले चरण में भाजपा देशभर में 10 करोड़ नए लोगों को सदस्य बनाने के लक्ष्य के साथ उतरी है। मप्र में भाजपा डेढ़ करोड़ नए लोगों को सदस्य बनाने की कोशिश में है। मप्र में भाजपा की प्रबल प्रतिद्वंदी पार्टी कांग्रेस के इस वक्त 26 लाख सदस्य हैं। यह आंकडा पिछले सदस्यता अभियान है। हालांकि भाजपा अक्सर कहती है कि हाल के दो चुनाव के बाद कांग्रेस के हजारों सदस्य भाजपा में शामिल हो चुके हैं। उधर कांग्रेस का भी सदस्यता अभियान कुछ समय बाद शुरू होने के आसार हैं।



### नए जिले और तबादले: कैबिनेट में खास निर्णयों की आहट



मप्र की मोहन यादव सरकार निवेश को बढ़ाने देने के लिए औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के संबंध में ठोस व नए निर्णय लेना चाहती है, इसके लिये आज शाम हो रही कैबिनेट बैठक में इस आशय के प्रस्तावों पर विमर्श होगा। नर्मदापुरम जिले के मोहासा औद्योगिक क्षेत्र और मुरैना जिले के सीतापुर को लेकर भी चर्चा होगी। सूत्रों का कहना है कि प्रदेश में दो नए जिले बनाने पर भी विचार हो सकता है क्योंकि बीना को जिला बनाने का दबाव है और छिंदवाडा के जुन्नारदेव को भी सरकार जिला बनाना चाहती है। इसके कई सियासी मायने भी हैं। यदि ऐसे किसी प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी मिलती है तो प्रदेश में कुछ 57 जिले हो जाएंगे। इसके अलावा इस बैठक में शासकीय कर्मचारियों के तबादलों पर से प्रतिबंध हटाने के लिए नीति पर भी विचार के आसार हैं। क्योंकि मप्र में तबादलों पर पिछले दो वर्ष से प्रतिबंध लगा हुआ है। अभी विभागों को प्रशासकीय दृष्टि से आवश्यक तबादले करने के लिए मुख्यमंत्री समन्वय से अनुमति लेनी होती है। कुछ सिंचाई परियोजनाओं को भी प्रशासकीय स्वीकृति मिलेगी।

# मणिपुर में ड्रोन से बमबारी

**इंफाल, एजेंसी।**

मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में उग्रवादियों ने ड्रोन के जरिए बमबारी को अंजाम दिया। इसमें एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने आज बताया कि एक रिहायशी इलाके में ड्रोन से कम से कम दो विस्फोटक गिराए गए। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने हमले की निंदा की है। उन्होंने कहा, ड्रोन से आबादी वाले इलाकों और सुरक्षा बलों को बम से निशाना बनाना आतंकी कृत्य है। उग्रवादियों ने कांगपोकपी जिले के पहाड़ी इलाकों से सेजम चिरांग के निचले इलाके में स्थित गांव पर अंधाधुंध गोलीबारी भी की, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की। यहां रविवार को इसी तरह के ड्रोन के जरिए बम हमले किए गए थे। यहां फायरिंग भी हुई थी, जिसमें दो लोग मारे गए थे और नौ घायल हो गए



# पीएम मोदी अब ब्रुनेई व सिंगापूर दौरे पर रवाना

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ब्रुनेई दौरे के लिए रवाना हो गए। उनका यह दौरा एक दिन का होगा, इसके बाद वह बुधवार को सिंगापुर के दो दिवसीय दौरे के लिए रवाना होंगे। पीएम का ब्रुनेई और सिंगापुर दौरा काफी अहम माना जा रहा है। वह ब्रुनेई में सुल्तान हसनल बोल्कैया के निमंत्रण पर पहुंच रहे हैं। इस साल दोनों देशों के राजनयिक संबंधों के 40 साल भी पूरे हो रहे हैं। मोदी इस दौरे में व्यापारिक संबंधों को बढ़ाने के साथ-साथ अंतरिक्ष और रक्षा सेक्टर में सहयोग को भी बढ़ाएंगे। ब्रुनेई के साथ भारत पहले ही अंतरिक्ष सेक्टर में कई अहम समझौते कर चुका है, दोनों देशों के बीच कच्चे तेल और हाइड्रोकार्बन के क्षेत्र में भी संबंध मजबूत होंगे।



### फ्रीक्वेंट फ्लायर मणिपुर यात्रा कब करेंगे: कांग्रेस



कांग्रेस ने पीएम मोदी के ब्रुनेई और सिंगापुर की यात्रा पर तंज कसा है। पार्टी ने पूछा कि 'हमारे फ्रीक्वेंट फ्लायर' यानी अक्सर हवाई यात्रा करने वाले मणिपुर जैसे अशांत राज्य की मानवीय यात्रा कब करेंगे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, 'नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री ब्रुनेई की ऐतिहासिक यात्रा कर रहे हैं। मगर मणिपुर में सीएम बीरेन सिंह के दावे के उलट मणिपुर में अभी भी बहुत तनावपूर्ण हालात बने हुए हैं। मणिपुर में हिंसा भडके हुए ठीक 16 महीने हो गए हैं। इसके कारण अबतक सैकड़ों लोगों की मौत हो गई, जबकि हजारों लोगों को अपना घर छोड़ राहत शिविरों में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है।

### इंदौर में महिला ने कबाड़ व्यापारी समेत 5 पर गैंगरैप का आरोप लगाया



**इंदौर, एजेंसी।**

एक महिला ने स्क्रेप व्यापारी सहित पांच लोगों पर रेप का आरोप लगाया है। महिला से यह घटना करीब तीन महीने पहले हुई थी। पुलिसे ने बीती रात करीब दो बजे मामला दर्ज किया। सभी आरोपियों की तलाश जारी है। कनाड़िया पुलिस ने बताया कि महिला ( 34 ) ने शहजाद मडावरा, सलीम बारी निवासी श्रीनगर कांकड, सलीम तेली पुत्र ईद मोहम्मद निवासी खजराना, इरफान अली निवासी रसलपुर देवास और नजर पठान पर गैंगरेप का आरोप लगाया है। सभी पर गैंगरेप की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। घटनास्थल एक अस्पताल का गोदाम बताया जा रहा है।

### हिमाचल में वेतन और पेंशन बांटने सरकार के पास पैसा नहीं

**शिमला, एजेंसी।**

हिमाचल प्रदेश के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि राज्य के 2 लाख कर्मचारियों और 1.5 लाख पेंशनर्स को अब तक सैलरी और पेंशन नहीं मिल पाई। राज्य में मौजूदा आर्थिक संकट के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। हिमाचल प्रदेश पर वर्तमान में लगभग 94 हजार करोड़ रुपये का कर्ज है। इस वित्तीय बोझ ने राज्य की वित्तीय स्थिति को कमजोर कर दिया है, सरकार को पुराने कर्ज चुकाने के लिए नए कर्ज लेने पड़ रहे हैं। दो साल पहले सत्ता में वापसी के लिए कांग्रेस ने कई बड़े वादे किए थे। इन्हें पूरा करने खर्च किया जा रहा है। हिमाचल सरकार के बजट का 40 फीसदी तो सैलरी और पेंशन देने में चला जाता है।




# ग्वालियर में ट्रामा सेंटर में आग से 1 मरीज की मौत



**ग्वालियर, दोपहर मेट्रो।**

जयारोग्य अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर के आईसीयू में आग लगने से हडकंप मचा गया। स्टाफ ने आग पर काबू पाकर आनन-फानन में यहां भर्ती मरीजों की शिफ्टिंग की। हालंकि इस बीच दम घुटने से एक मरीज की जान चली गई। हादसा आज सुबह 7 बजे एसी का कम्प्रेसर पाइप फटने से हुई। उस वक्त आईसीयू में 10 मरीज थे। जिनमें सात की हालत गंभीर थी। हादसे में जान गंवाने वाले शिवपुरी के आजाद खान को तीन दिन पहले ही भर्ती कराया गया था। वह वेंटिलेटर सपोर्ट पर थे तथा कांग्रेस के जिला महामंत्री थे। यहां भर्ती सभी 10 मरीज भी वेंटिलेटर पर थे। ऐसे में उनको शिफ्ट करने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

# नौसेना हेलिकॉप्टर की अरब सागर में आपात लैंडिंग, तीन लापता

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

आज नौसेना के तटरक्षक बल के हेलीकॉप्टर की अरब सागर में आपात लैंडिंग करानी पड़ी। इस घटना में हेलीकॉप्टर पर सवार चार लोगों में तीन लापता बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश जारी है। वहीं क्रू के एक सदस्य को बचा लिया गया है। भारतीय तटरक्षक बल ने एक बयान जारी कर बताया कि उनके उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर को बीती रात भारतीय ध्वज वाले मोटर टैंकर हरि लीला पर सवार चालक दल के गंभीर रूप से घायल सदस्य को मदद देने के लिए समुद्र में उतारा गया था। यह कार्रवाई पोरबंदर तट से करीब 45 किलोमीटर दूर की गई। दल में चार लोग थे। कथित तौर पर अभियान के दौरान हेलीकॉप्टर को अरब सागर में ही आपात लैंडिंग करनी पड़ी।




### राजस्थान में मिग क्रेश

इधर राजस्थान के बाड़मेर के कवास इलाके में भी बीती देर रात वायुसेना का फाइटर जेट मिग-29 क्रैश हो गया। फाइटर प्लेन के पायलट सुरक्षित हैं। वह घटनास्थल से करीब 8 किमी दूर नेशनल हाईवे पर मिले। स्थानीय लोगों ने बताया कि पायलट जमीन की ओर तेजी से बढ़ते प्लेन को करीब 1500 लोगों की आबादी से दूर ले गए। जहां प्लेन क्रैश हुआ वहां से 3 किमी की दूरी पर नागणा में क्रूड ऑयल की मंगला टर्मिनल प्रोसेस यूनिट भी है। यहां से रोज 1.75 लाख बैरल कच्चा तेल गुजरात की रिफाइनरी में भेजा जाता है। यदि मिग इस टर्मिनल के आसपास भी गिरता तो बहुत बड़ा हादसा हो सकता था।

## मेट्रो एंकर

### भारत के आमीरों की नई सूची की 'बाजार' में चर्चा

# रिस्क लेकर कमाने और गंवाने में अव्वल दामानी और अनुपम

**मुंबई, एजेंसी।**

भारतीय शेयर बाजार में लोग निवेश तो खूब करते हैं मगर मुनाफा सभी नहीं कमा पाते और नुकसान होने पर शेयर बाजार छोड़ देते हैं। कुछ ही लोग हैं, जो अमीरों मे शुमार हो जाते हैं। ऐसे लोगों में शामिल राधाकिशन दामानी का नाम आजकल 'बाजार' में है। उनकी चर्चा इसलिए है, क्योंकि हुरुन इंडिया ने अमीरों को जो नई लिस्ट जारी की है, इसमें दमानी देश के टॉप 10 अमीरों में शामिल किए गए हैं। उन्हें 8वें नंबर पर रखा गया है और इनकी नेटवर्थ 190,900 करोड़ रुपये बताई गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ये कमाई दमानी को शेयर बाजार और उनकी कंपनी से हुई। इससे उन्होंने बड़ी कंपनी खड़ी कर दी और अरबों रुपये की प्रॉपर्टी बना डाली। उनकी कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट बड़े-बड़े शहरों में डी-मार्ट मॉल चलाती है। कंपनी का मार्केट कैप 3.25 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा है।

मगर खास बात यह कि दमानी सादगी भरा जीवन जीते हैं। उन्हें अक्सर सफेद कपड़े पहने हुए देखा जाता है, लेकिन वे बड़े फैसले और रिस्क लेने में माहिर हैं। पिछले दो दशक का सफर यही कहता है कि दमानी ने रिस्क लिया और उनकी किस्मत बदलती गई। दलाल स्ट्रीट में सफलता का असमान छूने के बाद उन्होंने साल 2001 में शेयर मार्केट से अलग हटकर रिटेल इंडस्ट्रीज में एंट्री ली थी।




### पैसा गंवाने का उदाहरण मित्तल

यूं तो पैसा हर कोई कमा लेता है, लेकिन उसे समय के साथ मैनेज करके रखना सभी को नहीं आता। अरबों की दौलत पलभर में साफ हो जाती है। ऐसी एक कहानी टीवी शो शार्क टैंक के जज अनुपम मित्तल ने शेयर की है। शादी डॉट काम के संस्थापक, अनुपम ने बताया कि वे 20 की उम्र में ही करोड़पति बन गए, लेकिन उन्होंने सब कुछ खो दिया। फिर नए सिरे से शुरू किया। मित्तल ने बताया कि डॉट कॉम बुलबुले को 'वर्ल्ड वाइड वेब' अपनाने से तेजी से स्टार्टअप इकोसिस्टम की वैल्यू बढ़ी। कई स्टार्टअप खुले और करोड़ों की वेल्थ तैयार हुई। लेकिन फिर बुलबुला टूटा। सब कुछ खोने के बाद वे 03 में भारत वापस आए। फिर शादी डॉट कॉम शुरू करने का फैसला किया। डोमेन की कीमत 25,000 डॉलर थी और हमारे पास सिर्फ 30,000 डॉलर बचे थे। लोगों ने आलोचना की और बिजनेस समझ पर भी सवाल उठाया, लेकिन मैंने सब कुछ दांव पर लगा दिया। मुझे लगा कि ये गेम चेंजर साबित होगा और हुआ भी ऐसा ही।





कलियासोत-केरवा के 2 और भदभदा-कोलार डैम का एक-एक गेट खुला

# मानसून मेहरबान, पहली बार सभी बांधों के गेट साथ खुले

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

इस बार सिंतबर में औसत से अधिक बारिश की संभावना पहले तीन दिनों में ही पुख्ता हो गई है। इतना पानी बरस रहा है कि इस मानसून् सीजन में पहली बार भोपाल के सभी डैम के गेट एक साथ खुले हुए हैं। कलियासोत-केरवा के 2 और भदभदा-कोलार डैम का एक-एक गेट खुला है। डैम के कैचमेंट एरिया में लगातार बारिश हो रही है। इससे मंगलवार को भी गेट खुले रह सकते हैं। दूसरी ओर, पूरा जिला तरबतर हो गया है। अब तक करीब 42 इंच बारिश हो चुकी है, जो सीजन की 111प्रतिशत है। मौसम विभाग की माने तो मंगलवार को भी बारिश का दौर जारी रहेगा। गौरतलब है कि सितंबर के महीने में भोपाल में करीब 7 इंच बारिश होने का ट्रेंड है। अबकी बार लगातार दो दिन में डेढ़ इंच बारिश हो चुकी है।

इस जोरदार बारिश से बड़ा तालाब फुल हो गया और भदभदा डैम का एक गेट खुला रहा। भदभदा डैम से छोड़ा गया पानी कलियासोत डैम में पहुंच। जिससे इसके भी दो गेट खुले रहे। केरवा डैम के दो गेट खुले रहे। भोपाल के पास कोलार डैम का भी 1 गेट खुला हुआ है। डैम प्रभारी हर्षा जैनवाल के मुताबिक डैम फुल है। कैचमेंट एरिया में लगातार बारिश होने से गेट खुला हुआ है।सितंबर में अच्छी बारिश होती है। 65 साल पहले वर्ष 1961 में पूरे महीने 30.2 इंच बारिश होने का रिकॉर्ड है। अबकी बार भी सितंबर की शुरुआत तेज बारिश से हुई है।

### सामान्य से ज्यादा बारिश

इस मानसून सीजन में भोपाल में सामान्य से ज्यादा बारिश हो चुकी है। भोपाल की सामान्य बारिश 37.6 इंच है, जबकि इस बार करीब 42 इंच पानी गिर गया है। यानी, 111प्रतिशत बारिश हो चुकी है। जून के बाद जुलाई और अगस्त में रिकॉर्ड बारिश हुई। यही कारण है कि बारिश का आंकड़ा बढ़ता गया।

## अनूठा विरोध बदहाल सड़कों से परेशान शहरवासियों ने पानी पर तैराई कश्ती

**भोपाल।** पुरानेशहर के ऐशबाग इलाके में बारिश के दौरान उखड़ी, बदहाल सड़कों को लेकर स्थानीय रहवासियों ने अनूठे ढंग से विरोध प्रदर्शन करते हुए जिम्मेदारों का ध्यान आकृष्ट करने का प्रयास किया। रहवासी बरसते पानी में सड़क पर बने विशाल गड्ढों के पास पहुंचे और उनमें भरे पानी में 'कागज की कश्ती' को तैराया। इस दौरान उन्होंने करीब एक घंटे तक पीडब्ल्यूडी और नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी भी की। रहवासियों का कहना था कि ऐशबाग स्टेडियम की मुख्य सड़क की हालत काफी जर्जर है। इसके बावजूद सुध लेने वाला कोई नहीं। यह सड़क कैपिटल पेट्रोल पंप के पास निकलती है। वहीं, यह तीन वार्ड- 39, 40 और 41 के क्षेत्र में आती है। उखड़ी सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं, जिनसे होकर गुजरना मुश्किल हो गया है।



यह सड़क ऐशबाग से बाग फरहत अफ्जां होते पुल बोगदा की ओर निकलती है, जो कि मुख्य स?क है। यह कई साल से खस्ताहाल में है। कई बार शिकायत करने के बावजूद सड़क निर्माण नहीं किया जा रहा। इसके अलावा भी कई सड़कें जर्जर हालत है। रोज हजारों लोग परेशान हो रहे हैं।

भोपाल से बढ़े यात्री

## मध्यमवर्ग को हवाई सफर के लिए रास आया मानसून

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्यमवर्ग को मानसून काफी रास आया है और इस वर्ग ने जमकर हवाई सफर किया है। यही कारण है कि एयरलाइंस कंपनियों को भोपाल से अभी उम्मीद के अनुरूप यात्री मिल रहे हैं। राजा भोज एयरपोर्ट से जुलाई के मुकाबले अगस्त माह में करीब छह हजार यात्री बढ़े हैं।




हालांकि यह संख्या अब भी डेढ़ लाख तक नहीं पहुंच सकी है। राजधानी में लगातार बढ़ रहे हवाई यात्रियों की संख्या से एयरपोर्ट के अधिकारी खुश हैं। कई यात्री यहां आस-पास के पर्यटन स्थलों को निहारने के लिए पहुंचते हैं।

एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार अगस्त माह भोपाल से एक लाख 33 हजार 443 यात्रियों ने देश के विभिन्न शहरों तक सफर किया। इस दौरान एक हजार एक बार विमानों ने फेरे लगाए। जुलाई माह में यात्रियों की संख्या एक लाख 28 हजार 117 दर्ज की गई थी। जुलाई माह में एक हजार 11 बार विमानों ने फेरे लगाए थे। एयरलाइंस कंपनियों के लिए अगस्त-सितंबर माह ऑफ सीजन माना जाता है। इन महीनों में यात्रियों की संख्या बढ़ना अच्छा संकेत माना जा रहा है। अगस्त माह में मौसम की खराबी के कारण भी कुछ उड़ानें निरस्त हुई थीं। इसके बावजूद यात्रियों की संख्या बढ़ी है।एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी का कहना है कि अक्टूबर माह से 24 घंटे उड़ान संचालन शुरू होगा। इस दौरान पुणे उड़ान शुरू होगी। बेंगलुरू तक तीसरी उड़ान भी शुरू हो सकती है। यह उड़ानें शुरू हुई तो भोपाल से यात्रियों की मासिक संख्या डेढ़ लाख से अधिक हो जाएगी।

## धानुक वंशकार समाज का परिचय सम्मेलन नवंबर में

**भोपाल।** बांस शिल्पकार युवा शक्ति संगठन धानुक समाज के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश बंसल ने बताया कि शिल्पकार युवा शक्ति संगठन के नेतृत्व में राजधानी धानुक समाज के प्रदेश भर से आए समाज बंधुओ की बैठक संपन्न हुई। बैठक में धानुक वंशकार समाज द्वारा युवक्ति परिचय सम्मेलन किए जाने की रूपरेखा सहित अन्य विषयों पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई।संगठन द्वारा निर्णय लिया गया है कि आगामी नवंबर माह में धानुक वंशकार समाज युवक युवती परिचय सम्मेलन राजधानी भोपाल में किया जाएगा, इसके लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है।

## केन्द्रीय जेल में 15 दिवसीय कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्र के मार्गदर्शन एवं मुख्य आतिथ्य एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भोपाल आरती शर्मा की उपस्थिति में सोमवार से 15 दिवसीय कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ केन्द्रीय जेल भोपाल में किया गया। कार्यकम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्र द्वारा व्यक्त किया गया कि कारागार में निरूद्ध रहने के दौरान बंदियों को समाज की मुख्यधारा में सम्मिलित होने के लिए खुद को तैयार करना है, बंदियों को समाज में अपनी उपयोगिता सिद्ध करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण दिया जाकर सक्षम बनाना आवश्यक है। इसी क्रम में जेल निरूद्ध बंदियों को विभिन्न ट्रेड जैसे रंगाई, बुनाई एवं पेंटिंग, प्रिंटिंग अन्य में प्रशिक्षित किया जाना है ताकि वह जेल से रिहा होने के उपरांत स्वरोजगार एवं उन्हें समाज की मुख्य धारा लाया जा सके। इसी तारतम्य में आज से 15 दिवसीय कौशल प्रशिक्षण केन्द्रीय जेल, भोपाल में बंदियों को आईटीआई गोविंद पुरा भोपाल के द्वारा प्रिंटिंग व्यवसाय से संबंधी कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

## छात्राओं के समग्र विकास की गार्जियन ट्यूटर योजना



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में गार्जियन ट्यूटर मीट का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं की, व्यक्तिगत चुनौतियों का समाधान करना और उनकी शैक्षणिक प्रगति की बारीकी से निगरानी करना है। कॉलेज की प्राचार्य, डॉ. डालिमा पारवानी ने गार्जियन ट्यूटर योजना के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह छात्राओं के शैक्षणिक और व्यक्तिगत जीवन दोनों में एक पोषित वातावरण प्रदान करने में सहायक है। उन्होंने संस्थान की छात्राओं के समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता पर बल दिया, जिससे छात्राओं को उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और संसाधन मिल सकें। गार्जियन ट्यूटर योजना की मुख्य समन्वयक, डॉ. सुनीला चौबे ने छात्राओं के शैक्षणिक सफर के विभिन्न पहलुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने लर्निंग आउटकम्स को समझने, परीक्षा पैटर्न और प्रेजेंटेशन स्किल्स को निखारने के लिए व्यावहारिक सुझाव दिए, जिससे छात्राओं को अपनी पढ़ाई में सफल होने के लिए आवश्यक उपकरण मिले।

इस मीट ने छात्राओं के प्रदर्शन की गहन निगरानी के लिए एक मंच के रूप में भी कार्य किया, जहां शिकायतों और चिंताओं का शीघ्र निवारण किया गया। छात्राओं को स्टूडेंट चार्टर के बारे में जानकारी दी गई, जिससे वे अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक हो सकें। इसके अलावा, संबंधित कक्षाओं के ट्यूटर गार्जियनों ने गतिविधियों के रिकॉर्ड बनाए, जिससे योजना के सुव्यवस्थित दृष्टिकोण को और भी मजबूती मिली।

## गागनदास के नेत्र सेवासदन को दान

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संतनगर, निवासी 75 वर्षीय गागनदास मंगतानी का देहावसान 01 सितम्बर 2024 को हो गया। दिवंगत प्राणी के भांजे हितेश वरियानी ने अपने मामा की आंखें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को दान में दे दी हैं । दिवंगत प्राणी के नेत्र, अब दो जरूरतमंद दृष्टिबाधित व्यक्तियों को प्रत्यारोपित किए जाएंगे। सेवा सदन अस्पताल ने अभी तक 2139 दृष्टिबाधित लोगों को निःशुल्क नेत्र प्रत्यारोपित कर नेत्र ज्योति प्रदान की है। प्रबंधन ट्रस्टी श्री ए.सी. साधवानी ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना तथा परिवार जन के प्रति स्वजन के नेत्रों का दान करवाने पर कृतज्ञता प्रकट की है।





## किरण वाधवानी पर्यावरण के लिए सम्मानित हुईं

**हिरदाराम नगर.** संतनगर की समाजसेविका किरण वाधवानी को पर्यावरण के क्षेत्र में काम करने के लिए सम्मानित किया गया। संस्कृति संरक्षण एवं मानव ट्रस्ट के अध्यक्ष सुशील कुमार जैन पर्यावरण प्रेमी ने वाधवानी को एकता, समृद्धि पर्यावरण शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। जैन ने पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्प पत्र भी भरवाए। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, भाजपा नेता महेश खटवानी व अन्य विशिष्ठजन मौजूद थे।

मेट्रो एंकर — बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष कन्हैयालाल इसरानी ने की

# थोक कपड़ा व्यापारी संघ की बैठक में फैसला नई टीम के लिए 28 को साधारण सभा

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

थोक कपड़ा व्यापारी संघ, संतनगर धर्मशाला निर्माण गणेशोत्सव सात सितंबर से शुरू होगा। साधारण सभा की बैठक 28 सितंबर को होगी। यह निर्णय संघ की कार्यसमिति की बैठक में लिए गए। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष कन्हैयालाल इसरानी ने की। संघ की बैठक आष्टा के एक रिसोर्ट में हुई, जिसमें धर्मशाला बनाने और नई कार्य समिति के लिए साधारण सभा समेत अनेक मुद्दों पर चर्चा की गई। संघ के अध्यक्ष कन्हैयालाल इसरानी की अध्यक्षता में हुई बैठक धर्मशाला निर्माण में लंबे समय से बनी हुई अड़चनों के खत्म होने के बाद इसी माह निर्माण शुरू होने का फैसला लिया गया। इसरानी ने बताया संघ की अत्याधुनिक धर्मशाला का निर्माण सात सितंबर को गणेशोत्सव के पहले दिन से शुरू हो जाएगा, जो बिना रूके पूरा होने तक जारी रहेगा। धर्मशाला में 9 दुकानें, दो हाल और 27 कमरों का निर्माण किया जाएगा। इसरानी ने बताया कि बैठक में मौजूदा कार्यकारिणी के बाद चुनाव को लेकर चर्चा की गई। तय किया गया 28 सितंबर को साधारण सभा में चयन का निर्णय लिया जाएगा, जिसमें नए पदाधिकारियों को लेकर फैसला लिया जाएगा। बैठक के बाद संघ के पदाधिकारियों ने सीहोर वाले गणेशजी और उज्जैन में महाकाल के दर्शन किए। बप्पा और महाकाल से धर्मशाला निर्माण के लिए आशीर्वाद लिया।



## लोकमाता अहिल्या देवी के आदर्श जनता के बीच लाने के प्रयास

# लोकमाता अहिल्या देवी के कामों को जन-जन तक पहुंचाने 24 घंटे के भीतर समिति बनी, काम भी शुरू



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

लोकमाता अहिल्या देवी के कामों व आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की घोषणा के 24 घंटे के भीतर सरकार ने समिति बना दी है। समिति गठन का आदेश सोमवार को हुआ और समिति ने शाम से कामकाज भी शुरू कर दिया है। लोकमाता देवी अहिल्या से जुड़े प्रयासों और उनके कामों का संग्रहण नए सिरे से किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री होंगे समिति के अध्यक्ष

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उक्त समिति के अध्यक्ष होंगे। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव को सदस्य सचिव बनाया है। समिति में अन्य क्षेत्रों से जुड़े विशेषज्ञों, जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया है। मुख्यमंत्री ने इंदौर में हुए अहिल्या उत्सव कार्यक्रम में घोषणा की थ। उल्लेखनीय है कि संस्कृति मंत्री, स्कूल शिक्षा मंत्री, उच्च शिक्षा और स्कूल शिक्षा के प्रमुख सचिव, इंदौर के मोहन गिरी, माला ठाकुर, विनीता धर्म, ज्योति तोमर, अशोक डागा, शहडोल की मेघा पंवार, करेली के राकेश उदेनिया, गुना के शिरोमणि दुबे और भोपाल के धीरेन्द्र चतुर्वेदी को सदस्य बनाया है।

### ये काम करेगी समिति

समिति समारोह आयोजन में विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों, अहिल्या देवी की जीजिविषा और जन कल्याण की भावना के साथ ही आत्मनिर्भर बनाने के उनके प्रयत्नों को व्यवहार में परिणित करने के काम करेगी।

### सरकार ने इसलिए बनाई समिति

- लोकमाता अहिल्या देवी ऐसी शासिका थीं, जिन्होंने देवालयों पर हो रहे बाहरी आक्रमण के दौर में रामेश्वरम, जगन्नाथपुरी, उज्जैन, बनारस सहित देश के सांस्कृतिक गौरव की ध्वजा थामी थी।
- सभी देवालयों में सनातन संस्कृति के अनुकूल पूजा, अन्न क्षेत्र के विकास, स्नान के लिए घाट निर्माण के कार्य करवाए। जनजातियों सहित सभी के लोक कल्याण के लिए उनकी भूमिका को याद किया जाता रहा है।

# राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान के लिए 14 शिक्षक का चयन, भोपाल से एक

### विभाग ने जारी की सूची, 5 सितंबर को राजधानी में किए जाएंगे सम्मानित

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

स्कूल शिक्षा विभाग ने राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान के लिए प्रदेश के 14 शिक्षकों की सूची जारी कर दी है। चयनित शिक्षकों को 5 सितंबर को राजधानी भोपाल के आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी के स्वर्ण जयंती हॉल में आयोजित कार्यक्रम में सम्मनित किया जाएगा। राज्य स्तर के इस समारोह में राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित 14 शिक्षकों के साथ पिछले वर्ष राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2023 के पुरस्कृत 2 शिक्षकों को भी सम्मानित किया जायेगा। चयनित शिक्षकों को 5 सितंबर को राजधानी भोपाल के आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी के स्वर्ण जयंती हॉल में आयोजित कार्यक्रम में सम्मनित किया जाएगा। इन सभी शिक्षकों को समारोह में सम्मान राशि 25 हजार रूपये, शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया जाएगा। जिन शिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा, उनमें सारिका घारू, माध्यमिक शिक्षक शासकीय हाई स्कूल, सांडिया, होशंगाबाद और रतलाम की सीमा अग्निहोत्री, शिक्षक सीएम राइज शासकीय विनोबा हायर सेकेण्डरी स्कूल शामिल हैं।

### इनका हुआ चयन

प्राथमिक-माध्यमिक श्रेणी में दमोह की शीला पटेल, शा. प्राथमिक शाला देवरान टपरिया, शाजापुर के वैभव तिवारी, शा. नवीन प्रायमरी स्कूल, ताजपुर, ग्वालियर के बृजेश कुमार शुक्ला, शा. माध्यमिक शाला, बाडौरी, मुरार, छिंदवा?ा के राकेश कुमार मालवीय, शा. प्राथमिक शाला, कउआखे?ा, गुना के राजीव कुमार शर्मा, शा. माध्यमिक शाला, समरसिंगा (एक परिसर एक शाला), राजग? के सुरेश कुमार दांगी, शा. माध्यमिक शाला, बांगुपुरा, खण्डवा की नीतू ठाकुर, शा. प्राथमिक शाला, झूमरखाली, सिवनी के संजय कुमार रजक, शा. प्राथमिक शाला, भीरा, खण्डवा शामिल हैं।?उच्चतर माध्यमिक शिक्षकों की श्रेणी में श्रेणी में इंदौर के जगदीश सोलंकी, गुरुकुलम महू, छिंदवा?ा की अमिता शर्मा, शा. उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मंदसौर की कीर्ति सक्सेना, शा. बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2, भोपाल के राजेन्द्र जसूजा व्याख्याता, शा. उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुभाष, शिवाजी नगर, उज्जैन की ज्योति तिवारी, शा. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सराफा, शहडोल की अंजना द्विवेदी, शा. एमएलबी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं।

## सप्रे गुट बीना को जिला मुख्यालय बनाने पर अड़ा

# सत्ता और संगठन की टेंशन- बीना और खुरई को जिला बनाने वाले 'आंदोलन'

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में कदम रखने का सपना दिखा चुकी विधायक निर्मला सप्रे का गुट अब उपचुनाव की नौबत से पहले बीना को जिला बनाने की मुहिम में जुट गया है। जबकि भाजपा के पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह के समर्थक में खुरई के पक्ष में उतर रहा है। इससे भाजपा सरकार और पार्टी को संगठन सांसत में हैं। सप्रे विधानसभा में ताल ठोक कर यह बात कह भी चुकी है।**




सूत्रों के मुताबिक इसी शर्त पर उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा में कदम रखना का ऐलान किया था। इस बीच तत्कालीन शिवराज सरकार के समय कद्दावर नेता कहे जाने वाले पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह के समर्थक खुरई तहसील को जिला मुख्यालय घोषित करने पर अड़े हुए हैं। खुरई से सिंह तो बीना विधानसभा से सप्रे विधायक है। यह टेंशन पहले से चल रहा है अब इसने नया मोड़ लिया है क्योंकि कल 4 सितंबर को मुख्यमंत्री बीना जाने वाले हैं जहां पहले से लोग बीना को जिला मुख्यालय बनाने पर अड़े हुए हैं। कांग्रेस भी बीना को जिला बनाने का आश्वासन देती रही है। उधर खुरई में भी आंदोलन तेज है तथा आज मंगलवार को खुरई बंद का आह्वान भी किया गया था जो फिलहाल टल गया है।

सूत्रों के मुताबिक इन आंदोलनों के बीच मुख्यमंत्री दौरा नहीं करना चाहते हैं इसके चलते सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर बीना विधानसभा क्षेत्र को लेकर बैठक हुई। जिसमें सत्ता और संगठन कि लोग शामिल हुए। संकट यह भी है कि लोकसभा चुनाव में निर्मला सप्रे ने भाजपा में आने का वादा किया था वह अब तक इस्तीफा नहीं दे पाई है पार्टी ने इस लाइन पर भी विचार किया कि उनका इस्तीफा किस तरह कराया जाए और यदि इस्तीफा होता है तो ऐसी स्थिति में चुनाव को लेकर भी मंथन किया गया।

### इस्तीफे व संभावित चुनाव पर भी बात

बताया जाता है कि इस बैठक में विधायक निर्मला सप्रे यदि वादे के मुताबिक इस्तीफा देती है तो चुनाव की बागडोर को लेकर जिम्मेदारी पर भी बात हुई। जिसमें कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह व पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह का नाम सामने आया। सूत्रों के मुताबिक सत्ता व संगठन जल्द ही बीना के राजनीतिक भविष्य पर निर्णय ले सकता है। बीना विधानसभा के भाजपा कोर ग्रुप के सदस्यों की बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, प्रदेश भाजपा प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, सागर से मौजूदा मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, पूर्व मंत्री व विधायक गोपाल भार्गव समेत अन्य मौजूद थे।

## मैनिट: तीन सितंबर तक जमा होगी फीस

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) ने पीएचडी जुलाई-अगस्त सेशन के तहत चयनित छात्रों की प्रोविजनल लिस्ट जारी कर दी है। अब चयनित अभ्यर्थियों को तीन सितंबर तक फीस जमा करनी होगी। मैनिट ने विभिन्न दस्तावेजों की पूर्ति के लिए फार्मेट भी ऑफिशियल वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। इसी के साथ मूल दस्तावेजों और उनकी फोटोकॉपी के साथ फिजिकल रिपोर्टिंग करनी होगी। इसमें सेमेस्टर फीस 29 हजार रुपए से अधिक है।

## नवोदय: 16 सितं. तक करें आवेदन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2025 के आवेदन ऑनलाइन उपलब्ध हैं। आवेदन ऑनलाईन भरने की अंतिम तिथि 16 सितंबर 2024 है। वे ही छात्र-छात्राएँ आवेदन के पात्र हैं जो शासकीय, अशासकीय, ईजीएस के कक्षा पॉचवीं में अध्ययनरत हैं।

# अजाजजा वर्ग के बेरोजगार युवाओं के लिए स्वरोजगार योजना की शुरूआत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

जिले के शिक्षित अनुसूचित जनजाति वर्ग के ऐसे बेरोजगार युवक एवं युवतियां के स्वरोजगार के लिए म.प्र. राज्य सहकारी अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा योजनाएं प्रारंभ की गई है।

प्रथम योजना संत रविदास स्वरोजगार योजना जिसमें आवेदक को सेवा अथवा व्यवसाय के लिए राशि एक लाख रुपए से 25 लाख रुपए तक एवं निर्माण इकाई के लिए राशि एक लाख से 50 लाख रुपए तक का ऋ्रण विभिन्न बैंको से उपलब्ध कराया जाता है इसके लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष तक होना आवश्यक तथा शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 8 वीं कक्षा उत्तीर्ण हो ।

दूसरी योजना डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना जिसमें आवेदक को राशि 10 हजार से एक लाख तक का ऋ्रण उपलब्ध कराया जाता है आवेदक की आयु 18 वर्ष से 55 वर्ष तक होना आवश्यक है इस योजना में लाभ लेने वाले आवेदक को न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता का बंधन समाप्त किया गया है अर्थात साक्षर होना आवश्यक नहीं है ।

आवेदन एम.पी.ऑन लाइन की www.samast.mponline.gov.in पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं इसके लिए आवेदक के पास आय, जाति, मूलनिवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड एक फोटो एवं बैंक की पास बुक होना आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, बी ब्लॉक पुराना सचिवालय कलेक्ट्रेट परिसर, भोपाल में सम्पर्क कर सकते है।

## सीपीसीटी 6 को, सात जिलों में होगी परीक्षा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



कंप्यूटर प्रोफिशिएंसी सर्टिफिकेट टेस्ट (सीपीसीटी) छह और आठ सितंबर को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा प्रदेश के सात जिलों भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, सागर और सतना में आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थी को मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाने पर ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। राज्य शासन के विभिन्न विभागों और कार्यालयों में विभिन्न पदों पर कंप्यूटर दक्षता, कौशल प्रमाणीकरण के लिए संविदा और नियमित नियुक्तियों के लिए जीएडी के आदेशानुसार सीपीसीटी स्कोर कार्ड प्राप्त करना अनिवार्य है।

**मेट्रो एंकर** सिनेमा अध्ययन विभाग में फिल्म पत्रकारिता विविध आयाम पर विशेष व्याख्यान

# सिनेमा में सामाजिक परिवर्तन लाने की सबसे ज्यादा क्षमता: कुलगुरु प्रो. सुरेश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। समाज में सिनेमा की महत्वपूर्ण भूमिका है। संचार के सबसे शक्तिशाली माध्यम के रूप में सिनेमा में सामाजिक परिवर्तन लाने की सबसे ज्यादा क्षमता है। यह बात माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.(डॉ.) के.जी. सुरेश ने छात्रों को संबोधित करते हुए कही।**



माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के सिनेमा अध्ययन विभाग द्वारा सोमवार को फिल्म पत्रकारिता विविध आयाम पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। लता मंगेशकर सभागार में आयोजित व्याख्यान के मुख्य वक्ता वरिष्ठ फिल्म समीक्षक अजीत राय थे। जबकि अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.(डॉ.) के.जी. सुरेश ने की। इस मौके पर सिनेमा अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. पवित्र श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सुरेश और मुख्य वक्ता राय का स्वागत किया। प्रो. सुरेश ने गर्व के साथ उल्लेख किया कि एमसीयू भारत का पहला संस्थान है, जिसने फिल्म पत्रकारिता पर एक पाठ्यक्रम शुरू किया है। उन्होंने कहा कि कि यह पाठ्यक्रम आमतौर पर पेज 3 पर पाए जाने वाले सेलिब्रिटी गॉसिप में लिप्त होने के बजाय फिल्मों का विश्लेषण करने की कठोर प्रक्रिया पर केंद्रित है ।

### सिनेमा एक अर्जित कल है

वरिष्ठ फिल्म समीक्षक अजीत राय ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सिनेमा एक अर्जित कल है, जो समाज को अपने बारे में शिक्षित करती है। उन्होंने देखा कि फिल्म पत्रकारिता का परिदृश्य काफी विकसित हुआ है, पारंपरिक पत्रकारिता से प्रभावशाली-संचालित सामग्री में बदलाव बहुत से बदलाव आए है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि जहां एक समय में पीआर एजेंसियों अस्तित्व में नहीं थीं, वहीं आज, हर सेलिब्रिटी की अपनी पीआर टीम है, जो समाचार पत्रों और पत्रिकाओं को खबर देते हैं। राय ने लाइट एंड साउंड, हॉलीवुड रिपोर्टर, डेडलाइन और वैरायटी जैसी पत्रिकाओं के बारे में छात्रों को बताया। साथ ही उन्होंने अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं के प्रभाव पर भी चर्चा की, जो वैश्विक सिनेमा का व्यापक कवरेज प्रदान करती हैं।




## संपादकीय

# समग्र कार्रवाईयों की जरूरत

देश में फिर एक बार महिला सुरक्षा को लेकर चौतरफा चिंताओं का दौर है। लोगों में असंतोष भी है। कोलकाता में महिला डाक्टर के बलात्कार और हत्या के बाद महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों को कड़ाई से लागू करने और यौन उत्पीड़न मामलों में त्वरित कार्रवाई की जरूरत महसूस हो रही है। हर राजनीतिक दल और बड़ा नेता कोलकाता कांड पर संवेदना व्यक्त कर चुका है। यहां तक कि राष्ट्रपति ने भी कहा कि बहुत हो चुका, ऐसी घटनाएं किसी भी तरह रुकनी ही चाहिए। अब प्रधानमंत्री ने जिला न्यायालयों के न्यायाधीशों के सम्मेलन में उनसे अपील की कि महिला और बाल उत्पीड़न संबंधी मामलों में वे शीघ्र सुनवाई करें, ताकि उन्हें इंसाफ मिल सके और अपराधियों में खौफ पैदा हो। हकीकत यही है कि बलात्कार और बाल यौन उत्पीड़न जैसे मामलों पर नकेल कसना इसीलिए मुश्किल बना हुआ है कि अपराधियों में कानून का भय पैदा नहीं हो सका है। निर्भया कांड के बाद महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों को और सख्त बनाया गया था। बाल यौन शोषण के विरुद्ध पाक्सो कानून बना था, जिसमें आरोपी की तुरंत गिरफ्तारी और जमानत तक न देने का कड़ा प्रावधान किया गया। मगर उन कानूनों का भय कहीं नजर नहीं आता। कड़े कानून बना देने भर से अपराधों पर लगाम लगने का भरोसा पैदा नहीं किया जा सकता। इसके लिए जरूरी है कि उन्हें सही तरीके से अमल में लाया जाए और न्यायालयों में शीघ्र निर्णय हो। मगर हकीकत यह है कि महिला उत्पीड़न संबंधी ज्यादातर मामलों में समय पर कार्रवाई नहीं हो पाती। बहुत सारे मामलों में तो प्राथमिकी दर्ज करने में ही कई दिन लग जाते हैं। इस तरह बलात्कार जैसे मामलों में जरूरी सबूत भी ठीक से उपलब्ध नहीं हो पाते। फिर, जांचों में पुलिस इतना विलंब कर देती है कि सुनवाई वर्षों तक चलती रहती है। इसके अलावा सबसे चिंता की बात यह है कि बलात्कार के मामले में दोष सिद्धि की दर बहुत न्यूनतम है। सबूतों के अभाव में अपराधी छूट जाते हैं। पाक्सो जैसे कानून में भी अनेक बार देखा गया है कि रसूखदार आरोपियों के मामले में पुलिस गिरफ्तारी तक को टालती रहती है। फिर गवाहों और पीड़िता तक को डरा-धमका या लोभ-लालच देकर बयान पलटने पर मजबूर कर दिया जाता है। इन स्थितियों से अदालतें अनजान नहीं हैं। मगर आमतौर पर निचली अदालतें उस तरह पुलिस पर जांचों में तेजी और निष्पक्षता लाने का दबाव नहीं बना पातीं, जिस तरह कई बार ऊपरी अदालतें करती हैं। फिर, अदालतों पर मुकदमों का बोझ अधिक होने की वजह से मामलों की सुनवाई लंबे समय के लिए टलती रहती है। महिला यौन उत्पीड़न के मामलों में प्रावधान किया गया कि उन्हें त्वरित अदालतों में निपटाया जाए। साल भर के भीतर उन पर फैसला देने का प्रयास हो। मगर जो मामले खूब विवादों और चर्चा में रहते हैं, उनकी सुनवाई भी जल्दी पूरी नहीं हो पाती। वैसे देखा गया है कि् जिन देशों में आपराधिक मामलों में सख्त और तेज कार्रवाई होती है, वहां अपराध की दर काफी नीचे देखी जाती है। महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराध देश के किसी भी हिस्से में हो, अगर पुलिस तुरंत सक्रिय होकर कार्रवाई करे, जिला अदालतें महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े मामलों में सख्ती और तत्परता दिखाएं, तो ऐसी आपराधिक प्रवृत्तियों पर लगाम लगाना आसान हो जाएगा। कानून का भय अपराध को रोकने में सबसे कारगर उपाय है तो सामाजिक रूप से दबाव भी बहुत कारगर होता है और व्यक्ति अपराध करने से हिचकता है।

# बेहतर आर्थिक उपलब्धियों की आधी सदी

## 50 साल पहले आया निर्णायक मोड़

**टीएन निनान**

आज हमें लगता नहीं कि हुआ होगा, लेकिन 50 साल पहले भारत एक निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया था। उस समय आर्थिक संकट और राजनीतिक उथल-पुथल थी। एक साल बाद निर्णायक कार्रवाई के रूप में इंदिरा गांधी ने आपातकाल लागू कर दिया था। लेकिन दो साल से भी कम समय में इस फैसले को वापस ले लिया। जो चीज अधिक दीर्घकालिक साबित हुई व जिस पर उस समय मुश्किल से गौर किया जाता था ~ इंदिरा गांधी के साफतौर पर झलकते वामपंथी झुकाव वाले चरण से इतर आर्थिक नीति में एक नई दिशा की



जरूरत थी। इसके बाद वाले समय में, भारत द्वारा लंबे समय तक आर्थिक मोर्चे पर कमजोर प्रदर्शन करने वाले युग का अंत हुआ और आगे जाकर एक नई 'भारतीय गाथा' का जन्म हुआ।

वर्ष 1970 के दशक के मध्य तक, विश्व अर्थव्यवस्था की तुलना में भारत की प्रगति काफी धीमी थी। 1970 के दशक का उत्तरार्ध संक्रमण काल था, जिसमें युद्ध, कमजोर खेती और यहां तक कि अकाल, भारतीय रुपये का असहनीय अवमूल्यन और तेल पर मिले दो झटकों के रूप में लगभग 15 साल तक संकटकाल बना रहा। जवाहर लाल नेहरू के शुरुआती आशावाद के बाद इनमें से कई घटनाओं ने राष्ट्रीय आत्मविश्वास खोने में योगदान किया था। लेकिन एक बार जब अर्थव्यवस्था स्थिर हो गई, तो उसके बाद लगातार आधी सदी तक बेहतर प्रदर्शन हुआ। विकास दर के मामले में, निम्न-आय और मध्यम-आय वाले देशों के अलावा, कई विकसित अर्थव्यवस्थाओं को भी पीछे छोड़ दिया गया है। परिणामस्वरूप, देश के पास आज एक अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव है, जो इससे पहले कभी नहीं था। फिर भी, निरंतर खराब सामाजिक-आर्थिक मापदंडों और बढ़ती असमानता के कारण यह एक 'चमकदार' रिकॉर्ड नहीं रहा है।संक्रमण काल से पहले, वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी कम ही रही—इससे पहले की गिरावट धीमी पड़ी, स्थिर हुई और आखिर में सुधरने लगी। वर्ष 1960 में यह 2.7 प्रतिशत से घटकर 1975 में 1.9 फीसदी रही। यहां तक कि 2013 में भी, विश्व जीडीपी में भारत की हिस्सेदारी 1960 की तुलना में मामूली कम थी। अब, 2024 में, यह वैश्विक जीडीपी का 3.5 प्रतिशत है। और चूंकि अर्थव्यवस्था वैश्विक औसत से दोगुनी गति से बढ़ रही है, इसलिए वैश्विक आर्थिक विकास में भारत तीसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता है।

प्रति व्यक्ति आय में भी इसी तरह सुधार हुआ है। प्रति व्यक्ति आय के वैश्विक औसत में, 1960 में यह 8.4 प्रतिशत से घटकर 1974 में 6.4 फीसदी रह गई। 2011 में यह मात्रा बढ़कर 13.5 प्रतिशत हो गई और 2023 में यह 18.1 प्रतिशत रही। पिछले पांच दशकों में यह वृद्धि लगभग तीन गुना है। फिर भी अधिकांश देशों में लोग काफी अच्छे जीवन स्तर का आनंद ले रहे हैं। वास्तव में, अफ्रीका और भारत के पड़ोसी दक्षिण एशियाई देशों के अलावा शायद ही कोई ऐसा देश हो जहां प्रति व्यक्ति आय वैश्विक औसत से कम हो। अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना है।भारत की गाथा को बदलने वाला मुख्य कारक इसकी जनसंख्या का आकार है। हालांकि, प्रति व्यक्ति आय मामूली है, लेकिन जब इसे 140 करोड़ से गुणा किया जाता है, तो यह भारतीय अर्थव्यवस्था को विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना देती है। वर्तमान में, भारत मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल-स्कूटर के लिए दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। शायद विमानन सेवा और कारों के लिए तीसरे या चौथे स्थान पर। उत्पाद और सेवा बाजार में हुई उल्लेखनीय वृद्धि मध्यम आय वर्ग के आकार में हो रहे विस्तार की बदौलत है। इस वर्ग को सेवा मुहैया करने वाले काम-धंधों से निवेशकों ने बहुत अधिक धन बनाया, जिससे भारत के डॉलर-खरबपतियों की गिनती में बढ़ोतरी हुई (200 की संख्या के साथ भारत दुनिया में तीसरे स्थान पर है) जबकि शेयर बाजार पूंजीकरण के हिसाब से इसकी स्टॉक मार्केट चौथे स्थान पर आती है।

वर्ष 1970 के दशक के मध्य तक, लगभग आधी से अधिक आबादी गरीबी रेखा से नीचे थी। आज, 10 प्रतिशत से भी कम लोग आधिकारिक तौर पर गरीब हैं। भारत का अंतर्राष्ट्रीय उल्लेख अब 'गरीबों का देश' की बजाय एक उभरती हुई शक्ति के रूप में किया जाता है। फिर भी, भारत अपने मानव विकास सूचकांक में केवल 'मध्यम विकास' वाला देश गिना जाता है, जबकि वियतनाम जैसे देशों ने 'उच्च विकास' का दर्जा प्राप्त कर लिया है। अगले एक दशक या उससे अधिक समय तक भारत की 'उच्च विकास' श्रेणी में शामिल होने की संभावना नहीं है—इसके ऊपर विकसित अर्थव्यवस्थाओं वाली 'बहुत उच्च विकास' श्रेणी है, जिसमें जगह बनाने की आकांक्षा हमारा देश रखता है।हालांकि, यहां भी आंकड़े में सुधार हो रहा है। स्कूली शिक्षा में बिताई औसत अवधि, वर्ष 2010 में 4.4 वर्ष से बढ़कर अब 6.57 वर्ष हो गई है। भारत में प्रति 1,000 व्यक्ति पर एक डॉक्टर है जोकि डब्ल्यूएचओ द्वारा सुझाए अनुपात से अधिक है, और औसत जीवनकाल अंततः 70 वर्ष की सीमा पार कर चुका है। अधिक आय का मतलब है ज्यादा विविधतापूर्ण और समृद्ध खुराक। दूध की खपत 10 गुना बढ़ गई है। इसी तरह मछली का उपभोग भी बढ़ा है, जबकि अंडों की खपत 20 गुना से अधिक बढ़ गई है। इसमें बागवानी—फल और सब्जियों के मामले में तेजी से हुई वृद्धि भी शामिल है। इस बीच, आय के हिस्से के रूप में घरेलू बचत 70 प्रतिशत बढ़ गई है।

इन सबसे भी, शायद अधिक महत्वपूर्ण है मानसिकता में आया बदलाव। वर्ष 1970 के दशक के मध्य तक भारत समाजवाद के फलसफे के लिए प्रतिबद्ध था। बड़े पैमाने पर कई उद्योगों का राष्ट्रीयकरण किए जाने के अलावा, कागज से लेकर स्टील, चीनी, सीमेंट, यहां तक कि नहाने के साबुन और कारों तक, हर चीज़ पर मूल्य एवं उत्पादन नियंत्रण का निज़ाम था! औद्योगिक विवादों में राज्य सरकारें नियमित रूप से ट्रेड यूनियनों का पक्ष लेती थीं। लेकिन अब चीज़ें बदल गई हैं। भारतीय राजनीति अब समाजवादी से ज़्यादा लोकलुभावन है, वामपंथी दल पराभव अवस्था में हैं। सरकारें व्यापार को सुविधाजनक बनाने के लिए श्रम कानूनों में बदलाव करना चाहती हैं। भारतीय लोग उत्साही शेयर-बाज़ार पूंजीपति बनने लगे हैं। 1974 में, शेयरों का सबसे बड़ा पब्लिक इश्यू कुल 12 करोड़ रुपये का था (आज के पैसे में लगभग 350 करोड़ रुपये)। इसकी तुलना में, पिछले कुछ वर्षों में, कई निजी कंपनियों ने ही 15,000-21,000 करोड़ रुपये के पब्लिक इश्यू जारी किए हैं (एलआईसी, अडाणी, वोडाफोन, आदि)। एक दशक पहले तक, म्यूचुअल फंड कंपनियां बैंकों में जमा कुल रकम के आठवें हिस्से जितना ही जुटा पाती थीं, अब इसका अंश दोगुना होकर एक-चौथाई से अधिक हो गया है।

तथापि, भारत में कोई गाथा ऐसी नहीं है जिसमें विपरीत दिशा न हो। उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन इससे पहले के सात सालों के मुकाबले बिल्कुल भी नहीं बढ़ा, और गैर-उपभोक्ता वस्तुओं में सालाना वृद्धि औसतन महज 2.8 प्रतिशत हुई है। स्पष्ट रूप से, उपभोक्ता आर्थिक रूप से संत्रास में हैं, विशेषकर आय के निचले स्तर पर—शायद यह स्थिति अच्छी आमदनी बनाने के मामले में यथेष्ट काम न किए जाने को दर्शाती है। केवल इसमें बदलाव आने पर ही अर्थव्यवस्था 7 प्रतिशत से अधिक की दर तक पहुंच सकेगी, जो कभी उच्च विकास वाली अर्थव्यवस्थाओं की वास्तविक पहचान हुआ करती थी।

-साभारः यह लेखक के विचार हैं।

> प्रेम, घृणा का रूप भले ही ले ले,
> उसे मैत्री में परिवर्तित करना असंभव है।
> – मनोहर श्याम जोशी

## आज का इतिहास

- 1665 - मुग़लों और छत्रपति शिवाजी महाराज के बीच राजा जय सिंह संधि पर हस्ताक्षर हुए।
- 1781 - स्पेन के निवासियों द्वारा लॉस एंजिल्स की स्थापना की गयी।
- 1888 - गांधीजी ने इंग्लैंड के लिए समुद्री यात्रा शुरु की।
- 1944 - द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटिश सैनिकों ने बेल्जियम के एंटवर्प शहर में प्रवेश किया।
- 1946 - भारत में अंतरिम सरकार का गठन किया गया।
- 1967 - 6.5 तीव्रता वाले भूकंप की चपेट में आया महाराष्ट्र का कोयना बांध, 200 से ज्यादा लोगों की मौत।
- 1969 - उत्तरी वियतनाम के राष्ट्रपति एवं राष्ट्रपिता हो ची मिन्ह का देहावसान।
- 1985 - 73 सालों के बाद समुद्र में डूबे जहाज टाइटेनिक की तस्वीरें सामने आई थीं। टाइटेनिक दुर्घटना में इस जहाज पर सवार 1,500 लोगों की मौत हो गई थी।
- 1999 - ईस्ट तिमोर में सम्पन्न हुए जनमत संग्रह में 78.5 प्रतिशत जनता ने इंडोनेशिया से स्वतंत्रता के पक्ष में अपना मत प्रकट किया।
- 2000 - श्रीलंका के उत्तरी जाफना के बाहरी सीमाओं पर श्रीलंका सेना तथा मुक्ति चीते के बीच हुए संघर्ष में 316 लोगों की मौत।
- 2001 - श्रीलंका ने मुशर्रफ़ से सैन्य मदद मांगने का फैसला किया।
- 2005 - लोकतंत्र के समर्थन में प्रदर्शन करते नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री गिरिजा प्रसाद कोइराला गिरफ्तार।
- 2006 - आस्ट्रेलिया के मशहूर टीवी पर्सनैलिटी और पर्यावरणविद स्टीव इरविन का एक समुद्री मछली 'स्टिंगरे' के काटने से निधन।
- 2007 - ईरान के पूर्व राष्ट्रपति अकबर हाशमी रफ़संजानी को ईरान की सर्वोच्च धार्मिक संस्था का प्रमुख चुना गया।2008 - मायावती सरकार ने उत्तर प्रदेश संगठित अपराध विरोधी क़ानून (यूपीकोका) विधेयक-2007 को तत्काल प्रभाव से वापस करने का निर्णय किया।
- 2012 - पैरालम्पिक खेलों में गिरीश होसंगारा नागराजेगौड़ा ने भारत को पहला पदक दिलाया।

## निशाना

### आ गई वो बेला !



- कृष्णोन्द्र राय

हैं सारे सतर्क ।
भर रहे ललकार ।।
देखते हैं कितना ।
हो पाता उद्धार ।।
आ गई वो बेला ।
हुआ जिसका इंतज़ार ।।
मन ही मन पहनने को ।
हैं आतुर अब हार ।।
भले हो जग हंसाई ।
चलते हर पल चाल ।।
हैं लगते तैयार ।
करने को बवाल ।।
पर फैसला जनता का ।
क्यों नहीं स्वीकार ।।
पर लगता है जल्द ही ।
होंगे सब फरार ।।

# एक बार फिर स्वास्थ्य संकट के केंद्र बन सकते हैं संघर्ष वाले क्षेत्र

## एमपॉक्स ने फिर दुनिया को चेताया

**एमपॉक्स संक्रमण से जूझ रहे लोगों का पता लगाना आसान नहीं है। डर और कलंक के कारण मरीज लक्षण दिखने के तुरंत बाद चिकित्सा सहायता नहीं लेते हैं। इसके प्रमुख लक्षणों में दर्दनाक दाने, बुखार, मांसपेशियों में दर्द और गले में खराश शामिल हैं। गलत सूचना तेजी से फैल रही है। डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्य सेवा कर्मी न केवल बीमारी से लड़ने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, बल्कि वे उन बड़ी समस्याओं से भी जूझ रहे हैं, जिन पर उनका बहुत कम नियंत्रण है।एमपॉक्स के फिर से उभार ने दुनिया को याद दिलाया है कि यह बीमारी व्यक्तिगत और सामुदायिक स्वास्थ्य के लिए कितनी खतरनाक है। लेकिन ऐसे संकटों को बढ़ाने वाले कारकों पर कम ध्यान दिया गया है, खासकर अफ्रीका में। कई अफ्रीकी देशों की व्यापक सामाजिक-राजनीतिक और आर्थिक चुनौतियों के कारण ये और भी बदतर हो गए हैं, जिससे ऐसी कमजोरियां उजागर हुई हैं, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य से आगे तक फैली हुई हैं।**

**जीन कासेया**

लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो ने हैजा, इबोला और कोविड-19 जैसे प्रकोपों का सामना किया है। अब यह अफ्रीका में फैले एमपॉक्स प्रकोप के केंद्र में है। इस साल कांगो में 17,000 से ज्यादा मामले और 500 से ज्यादा मौतें दर्ज की गई हैं, जो कि महाद्वीप में सबसे ज्यादा मामले और मौतें हैं। ये क्षेत्र, जो पहले से ही संघर्ष, विस्थापन और स्वास्थ्य ढांचे के पतन से जूझ रहे हैं, व्यापक और घातक एमपॉक्स प्रकोप का अतिरिक्त तनाव झेल रहे हैं। नए एमपॉक्स स्ट्रेन के उभरने से यह चुनौती और जटिल हो गई है। कोई भी शारीरिक संपर्क वायरस के संचरण का कारण बन सकता है। यानी सशस्त्र संघर्ष से विस्थापित हुए सैकड़ों हजारों लोगों के भीड़-भाड़ वाले शिविर बड़े पैमाने पर बीमारी फैलने के संभावित केंद्र हैं। ये विस्थापित परिवार संघर्ष के आघात से जूझ रहे हैं, और अब उन्हें बीमारी से भी निपटना होगा। पूरे देश में स्वास्थ्य सेवाकर्मी, जो एमपॉक्स के खिलाफ संघर्ष में अग्रिम पंक्ति के रक्षक हैं, सीमित संसाधनों के साथ देखभाल प्रदान करने के लिए जूझ रहे हैं।

सशस्त्र विद्रोहियों और देश की सेना के बीच युद्ध ने बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया है और आवश्यक सेवाओं तक पहुंच को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। विस्थापन और मानवाधिकार उल्लंघन से त्रस्त दक्षिण किवु में स्थिति विशेष रूप से गंभीर है। एमपॉक्स विशेष रूप से छोटे बच्चों के लिए खतरनाक है। कांगो में पांच वर्ष से कम आयु के 11 लाख से अधिक बच्चे और लगभग 6,05,000 गर्भवती या स्तनपान कराने वाली महिलाएं जुलाई 2023 और जून 2024 के बीच तीव्र कुपोषण के उच्च स्तर का सामना कर रही हैं। कई लोगों को संक्रमण से लड़ने के लिए अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली पर निर्भर रहना पड़ता है।

जब तक इन आबादियों को परेशान करने वाली सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता, तब तक एमपॉक्स इस क्षेत्र से खत्म नहीं होगा। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और अफ्रीका की सीडीसी ने एमपॉक्स को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया है, लेकिन अब तक किए गए उपाय महाद्वीप में इतने बड़े संकट को संबोधित करने के लिए अपर्याप्त हैं। एमपॉक्स वैक्सीन का वितरण असमान रहा है। टीकों की उच्च लागत बीमारी की रोकथाम के प्रयासों को और बाधित कर सकती है, खासकर दक्षिण किवु में, जहां इसकी सबसे अधिक जरूरत है। डब्ल्यूएचओ ने यूनिसेफ और वैश्विक वैक्सीन गठबंधन गावी जैसे अपने भागीदारों को डब्ल्यूएचओ द्वारा औपचारिक रूप से स्वीकृति दिए जाने से पहले एमपॉक्स टीके खरीदने की अनुमति दी है, यह सही दिशा में उठाया गया कदम है।




एमपॉक्स प्रकोप के सबक स्पष्ट हैं-व्यापक सामाजिक संदर्भ को संबोधित किए बिना स्वास्थ्य संकटों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित नहीं किया जा सकता है। दुनिया को यह पहचानना चाहिए कि कांगो जैसे स्थानों में, जहां संघर्ष और बीमारी एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं, सार्वजनिक स्वास्थ्य हस्तक्षेपों को संघर्ष को हल करने, समुदायों के पुनर्निर्माण और प्रभावित लोगों की गरिमा को बहाल करने के प्रयासों के साथ जोड़ा जाना चाहिए। इस तरह की एक-दूसरे से जुड़ी प्रतिक्रिया के अभाव में संघर्ष वाले क्षेत्र एक बार फिर स्वास्थ्य संकट के केंद्र बन सकते हैं।

-साभारः यह लेखक के विचार हैं।



# सिवनी मालवा के ग्राम चतरखेड़ा के स्कूल का डी.ओ. ने किया निरीक्षण

**इटारसी/नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

जिला शिक्षा अधिकारी सत्यम जय सिंह बिसेन द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चतरखेड़ा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षा 11वीं की छात्राओं की फिजिक्स विषय की गृह कार्य पुस्तिका की जांच की जिसमें उन्होंने पाया कि गृह कार्य पुस्तिका में अभ्यास प्रश्न हल नहीं किए गए हैं। उन्होने कहा कि बच्चों की गृहकार्य की कॉपी की नियमित जांच नहीं है। इससे परीक्षा परिणाम खराब होता है। उन्होने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यह संबंधित विषय शिक्षक की घोर लापरवाही को प्रदर्शित करता है। बिसेन द्वारा प्राचार्य को उक्त विषय शिक्षक राजेश सिंघल को कारण बताओं नोटिस जारी कर। दिवस में जवाब प्रस्तुत करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने शाला प्राचार्य को निर्देशित किया है कि समस्त स्टाफ की सेवा पुस्तिकाओं में जिले के रिजल्ट को लेकर आवश्यक प्रविष्टि की की जाए एवं सेवा पुस्तिका में उनके हस्ताक्षर लेकर पांच दिवस के अंदर उक्त पृष्ठ की छाया प्रति जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा कराएं। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पाया कि कुछ विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिका में बिना त्रुटियों को सुधारे विषय शिक्षक द्वारा हस्ताक्षर कर दिए गए हैं जो कि संबंधित शिक्षक की लापरवाही को प्रदर्शित करता है। जिला शिक्षा अधिकारी ने ऐसे शिक्षकों को चेतावनी पत्र जारी करने के लिए प्राचार्य को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल संगीत पेंटिंग आदि अन्य गतिविधियां भी कराऐं जिससे बच्चों का मानसिक तथा शारीरिक सर्वांगीण विकास हो सके एवं स्कूल मे उनका मन प्रसन्न रहे। डीईओ द्वारा स्कूल में अतिरिक्त कक्ष की आवश्यकता के संबंध में विस्तृत प्रस्ताव बनाकर आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने समस्त स्टाफ के साथ सामूहिक बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

### टीवी सीरियल उड़ारिया की जैसमीन पहुंची मुस्कान संस्था

# असफलताओं से निराश नहीं होने की बच्चों को दी सीख





**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

छोटे पर्दे पर अपने अभिनय की दम पर अलग पहचान बनाने वाली नर्मदापुरम की बेटी टीवी कलाकार और प्रसिद्ध टीवी सीरियल उड़ारिया की फेमस कैरेक्टर रही जैसमीन यानी अभिनेत्री ईशा मालवीय इटारसी स्तिथ मुस्कान संस्था पहुंची। यहां आकर उन्होंने बच्चों के साथ समय बिताया ओर डांस भी किया। उन्होंने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए असफलताओं से नहीं घबराने की सीख दी। अभिनेत्री ईशा मालवीय ने बच्चो को कहा कि उम्मीदों की उड़ान रखना और अपने आप को जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए तैयार रखना होगा। मैं कई सामाजिक संस्थाओं में गई किन्तु आज मुस्कान के बच्चों की मुस्कान देखकर मुझे अच्छा लगा अब नियमित संस्था से जुड़ी रहूंगी। उल्लेखनीय है कि नर्मदापुरम की बेटी अभिनेत्री ईशा मालवीय को 2018 मे शान ऑफ़ मध्य प्रदेश के सम्मान से नवाज़ा गया। वर्ष 2019 मे मिस टीन इंडिया वर्ल्ड वाइड के सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।हाल ही मे बिग बॉस और उड़ारिया जैसे बड़े टीवी शो मे ईशा मालवीय की एहम भूमिका भी रही है। कई हिट गाने भी ईशा मालवीय द्वारा फिल्माए गए है जिसमे पाओ की जुत्ती ने ऐतिहासिक उपलब्धता हासिल की है।

मुस्कान संस्था के संचालक मनीष ठाकुर ने बताया कि अभिनेत्री ईशा मालवीय का संस्था में आगमन हमारे लिए गौरव की बात है। उन्होंने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और संस्था से जुड़े रहने की बात भी कही है।इस अवसर भोपाल से आये भगवान सिंह ठाकुर,अधीक्षक ऋतु राजपूत ,विशाखा अंजीकर ,विक्रम सिंह,नितिन वर्मा,लकी लखानी, मोना जॉनसन,ज्योति राव,निकिता मालवीय,कृष्ण केवट,अर्चना मालवीय आदि उपस्थित थे।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान में नर्मदापुरम जिला प्रदेश में प्रथम

# जिले में 6 लाख 84 हजार 801 पौधे रोपित कर वायुदूत एप में अपलोड किए



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

एक पेड़ मां के नाम अभियान में समूचे प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। जिले के विभिन्न विभागो ने दिये गये लक्ष्यो के अनुरूप उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए माह अगस्त 2024 तक 6 लाख 84 हजार 801 पौधे रोपित कर वायुदूत एप में अपलोड किये। कलेक्टर ने नर्मदापुरम जिले के प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहने पर सभी संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों को अपनी इस उपलब्धि पर बधाई दी । उल्लेखनीय हे कि अगस्त माह तक विभिन्न विभागों द्वारा 09 लाख 06 हजार 541 पौधे रोपित किये गये थे। जिनमें से 6 लाख 84 हजार 801 पौधे वायुदूत एप में अपलोड हुए।

उल्लेखनीय है कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत जिला रेशम विभाग नर्मदापुरम द्वारा 01 लाख 79 हजार 375 पौधे रोपित कर वायुदूत एप पर अपलोड किये गये। इसी प्रकार वन विभाग द्वारा 02 लाख 19 हजार 856 पौधे, म0प्र जनअभियान परिषद नर्मदापुरम द्वारा 41 हजार 766 पौधे, उद्यानिकी विभाग द्वारा 67 हजार 403 पौधे, नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा 11 हजार 992 पौधे, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 06 हजार 258 पौधे, पंचायत एवं ग्रमीण विकास 53 हजार 400 पौधे, शिक्षा विभाग नर्मदापुरम द्वारा 24 हजार 269 पौधे, जिला शिक्षा केन्द्र डीपीसी नर्मदापुरम 51 हजार 251 पौधे, म0प्र ग्रामीण आजिविका मिशन द्वारा 05 हजार 369 पौधे, उप संचालक एसटीआर नर्मदापुरम द्वारा 1 हजार 331 पौधे, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास द्वारा 20 हजार 514 पौधे, उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग 246 पौधे, जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुरम द्वारा 1175 पौधे, मत्सय विभाग द्वारा 35 पौधे, जल संसाधन विभाग नर्मदापुरम द्वारा 17 पौधे, जिला खेल एवं युवा कल?याण अधिकारी नर्मदापुरम द्वारा 80 पौधे, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा 168 पौधे एवं अन्य विभाग द्वारा 296 पौधे लगागर वायुदूत एप अपलोड किये।

कलेक्टर सोनिया मीना ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत निरंतर पौध रोपण करते रहें और अन्य लोगो को भी पौध रोपण करने के लिए प्रेरित करें।

## राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत गतिविधि व परामर्श प्रदान किया

**नर्मदापुरम।** संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में पोषण माह की निर्धारित गतिविधियों का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय पोषण माह 1 सितंबर से 30 सितंबर 2024 तक चलाया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना नर्मदापुरम शहरी के सेक्टर तीन अंतर्गत वार्ड 18 में राष्ट्रीय पोषण माह में अतंर्गत रैली निकाली गई। राष्ट्रीय पोषण माह के तहत लगातार पूरे माह चलने वाली गतिविधियों के बारे बताया गया और पोषण माह संबंधी थीम की प्रदर्शनी लगाई गई। पर्यवेक्षक श्रीमती चंद्र किरण डोले ने चर्चा कर बताया कि 06 माह के बाद ऊपरी आहार स्तनपान आदि पर जानकारी दी गई। इसी तरह आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 31/03 में भी राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वार्ड की महिलाओं को पोषण किस प्रकार का हो, भोज्य पदार्थों में विविधता को हम खाने में कैसे शामिल कर सकते हैं जिससे कि भोजन को अधिक उपयोगी बनाया जा सके एवं मौसम अनुरूप निर्धारित भोजन किस प्रकार से पोषण स्तर को बेहतर बना सकता है के संबंध में जानकारी दी गई। उक्त संबंध में कृषि विज्ञान केंद्र की डॉक्टर श्रीमती आकांक्षा पांडे एवं प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती आशा भदोरिया द्वारा उक्त विषय पर उपस्थित वार्ड के सभी हितग्राहियों को पोषण परामर्श प्रदान किया गया वार्ड 29, 30, 31, 33 बोर्ड की कार्यकर्ताओं को भी उक्त संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# पोला अमावस्या पर लगाई आस्था की डुबकी, मिट्टी की बैलों का पूजन किया



**सिवनी मालवा।** पोला अमावस्या पर क्षेत्र के नर्मदा तटो पर श्रद्धालुओ ने माँ नर्मदा मे आस्था की डुबकी लगाई। वही पोला अमावस्या पर परम्परा अनुसार मिट्टी की बेल जोड़ी की पूजन की गयी। क्षेत्र के आवलीघाट, बाबरीघाट, गवाड़ी, डिमावर, भीलाड़िया घाट सहित नर्मदा के सभी घाटो पर श्रद्धालुओ ने माँ नर्मदा मे आस्था की डुबकी लगाकर अन्न, वस्त्र और धन का दान किया। वही पोला अमावस्या होने के कारण परम्परा से चला आ रहा मिट्टी के बेल जोड़ी की पूजन कर खुरमा, मालपुआ बनाकर दान किये गये। लोगो ने मिट्टी की बेल जोड़ी की पूजा परम्परागत रीति रिवाज अनुसार तो की लेकिन जीवित गोवंश की सुध नही लेना चिंता का विषय है। जीवित गोवंश यहां वहा दुर्घटना ग्रस्त हो रहे है। उनके लिए पोला अमावस्या पर कोई सार्थक पहल की जाती तो सही मायने मे पोला अमावस्या का महत्व और बढ़ जाता जिस पर किसी ने ध्यान नही दिया।

# मध्यस्थता से विवादों का निपटारा सम्भव हो जाता है: न्यायाधीश तबस्सुम खान

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**



समाज मे बढ़ रहे विवादों को आपसी मध्यस्थता से निपटना सम्भव हो जाता है। इसके लिए उन्हे प्रेरित करना जरूरी होता है। उक्त बात जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती तबस्सुम खान ने मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम के लिए मध्यस्थता केंद्र मे आयोजित बैठक मे कही। न्यायाधीश श्री मती खान ने कहा कि समाज को आपसी सामंजस्य से अपने विवादों का निपटारा करना चाहिए। समाज मे कटुता की जगह मधुरता और आपसी भाईचारा बना रहे इसलिए शासन द्वारा लोक अदालत के माध्यम से आपसी समझौता कराकर विवाद समाप्त किये जाते है। उन्होंने कुसुम महाविद्यालय एन सी सी के पेरालीगल बालेंटियरों से कहा आप छात्र है आप पढ़े लिखे है। आप अपने आसपास के लोगो को लोक अदालत के तहत मिलने वाले लाभो के विषय मे बताये जिससे समाज मे लोक अदालत के लिए एक नया निर्माण हो सके। श्रीमती खान ने अधिवक्ताओं से कहा कि आप भी अपने समझौता योग्य मामलो मे समझौता करा कर विवादों को समाप्त कराने मे सहयोग करे। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष राजेश मिश्रा ने कहा कि लोक अदालत समाज मे विवादों को समाप्त कराने का अच्छा माध्यम है। जिसके द्वारा समाज मे मधुरता की स्थापना की जा सकती है। बैठक मे न्यायाधीश सु श्री सरोज डेहरिया, अधिवक्ता राकेश मिश्रा, आनंद भार्गव, ऋषि यादव, शेखर पुरोहित, पुष्पेंद्र बुंदेला, पुष्कर मिश्रा, सोनू पाठक तथा विधिक साक्षरता से नियुक्त कुसुम महाविद्यालय के पेरालीगल बालेंटीयर छात्र उपस्थित रहे।

# जीनियस प्लानेट में हुआ कथक




**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

स्पीक मैके चेप्टर इटारसी द्वारा शहर के प्रतिष्ठित सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्कूल जीनियस प्लानेट में दिल्ली ने आई प. बिरजू महाराज की शिष्या कथक नृत्यांगना सुश्री नैनीका घोष द्वारा सुन्दर नृत्य की प्रस्तुति दी गई द्य कार्यक्रम का आगाज़ परम्परागत सरस्वती पूजन दीप प्रज्वलन से की गई द्य आमंत्रित सभी अतिथियों का स्वागत स्कूल संचालक मो जाफर सिद्दीकी, मनीता सिद्दीकी एवं प्राचार्य विशाल शुक्ला द्वारा किया गया द्य स्कूल के म्यूजिकल ग्रुप द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई द्य इसके पश्चात नैनीका घोष ने विद्यार्थियों को कथक की मुद्राओं का, रसों का ज्ञान दिया साथ ही बच्चों को कथक नृत्य की बारीकी और खूबसूरती से परिचय कराया और बच्चों को नृत्य में बनाई जाने वाली अलग अलग मुद्राये सिखाई द्य अर्धनरिश्वर, तीन तोड़ो पर पक्षियों और जानवर की चाल परमेलु, थूरंग और झिझकदु को प्रदर्शित किया द्य साथ ही प. बिरजू महाराज द्वारा गाये कृष्ण भजन और तोड़ो पर अपनी शानदार प्रस्तुतियाँ दी द्य इस अवसर पर स्पीक मैके के उपाध्यक्ष सुधीर गोठी,समन्वयक सुनील बाजपेई,सज्जन लोहिया, स्कूल के अभिभावक एवं स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

## चौहान मानव अधिकार सुरक्षा संगठन में सदस्य नियुक्त



**नर्मदापुरम।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह के निर्देशन में जिला अध्यक्ष स्मिता सिंह तोमर द्वारा राम गोविन्द चौहान को जिला समिति में सदस्य नियुक्त किया गया। श्री चौहान की नियुक्त पर अजय शर्मा ओ पी रावत कैलाश कनोजिया दिलावर बेग बलजीत सिंह सहित अनेक लोगों ने बधाई दी।

## जनअभियान परिषद ने महर्षि अरविंद जयंती मनाई



**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा महर्षि अरविंद की जयंती 2 सितंबर सोमवार को हैप्पी मैरिज गार्डन नर्मदापुरम में मनाई जिसमे मुख्यअतिथि जन अभियान परिषद मध्यप्रदेश के उपाध्यक्ष मोहन नागर एवं विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया तथा विशेष अतिथि नीतू यादव रहे। मप्र जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक श्री कौशलेश तिवारी जी ने महर्षि अरविंद एक महान दार्शनिक, कवि और स्वतंत्रता सेनानी के रूप में याद किया जाता है। गरिमामय कार्यक्रम में, ब्लॉक समन्वयक नरेन्द्र देशमुख, नवांकुर संस्थाओं से अमर भार्गव, संजय सराठे, विपिन यादव, साहिल तिलोटिया कार्यक्रम का संचालन आनंद नामदेव द्वारा एवं आभार जन अभियान परिषद नर्मदापुरम के जिला समन्वयक पवन सहगल ने आभार व्यक्त किया।

# कलेक्टर से मिला किसान संघर्ष संघ का प्रतिनिधिमंडल

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**



भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल नें कलेक्टर सुश्री सोनिया मीणा से मुलाकात कर किसान संबंधी समस्याओं के निराकरण की? मांग की है ।

### ये है समस्याएं

जिला सहमंत्री रजत दुबे नें बताया कि वर्तमान में किसान संबंधी समस्याएं जैसे

1- ग्रीष्मकालीन मूंग का भुगतान किसानों को नहीं हुआ है, किसान कर्ज लेकर अगली फसल की तैयारियां कर रहा है शीघ्र ही भुगतान किया जावे ।

2- किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त 10 घंटे बिजली आपूर्ति की जाए तथा घरेलू बिजली 24 घंटे निर्बाध आपूर्ति की जावे । वर्तमान में फाल्ट? ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

3- वर्तमान में व्याप्त डेंगू मलेरिया से बचाव? हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर मानिटरिंग की? जावे ।

4- समस्त ब्लाकों में मच्छरदानियों का वितरण किया जावे ।?

5- सोयाबीन का समर्थन मूल्य बढ़ाकर 6000 रू/क्विंटल की जावे, वर्तमान में घोषित समर्थन मूल्य कम है जिससे लागत भी निकलना मुश्किल है । सहित अन्य समस्याओं पर चर्चा की ।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में प्रतिनिधिमंडल के संभागीय अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान, जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह राजपूत, जिला मंत्री शंकरसिंह पटैल, जिला सहमंत्री रजत दुबे उपस्थित रहे।

# कृषि स्थाई समिति की बैठक में नकली दवाइयां और लाइसेंस की जांच पर जोर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

सोमवार को कृषि विभाग कार्यालय में कृषि स्थाई समिति की बैठक आयोजित हुई ।जिसमें कृषि विस्तार अधिकारी वीरेंद्र मालवीय एवं कृषि समिति सभापति श्रीमती राजनीता वघेल ने लेते हुए हुए कहा कि जितने भी लाइसेंस धारी कीटनाशक विक्रेताओं के हैं उन सभी की जांच की जाए यदि किसी के द्वारा गलत तरीके से दुकानों का संचालन किया जा रहा है तो उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जाए किसानों को निर्धारित दर पर ही कीटनाशक दावों मिली चाहिए यदि कोई नकली का कारोबार करते पाया जाता उस पर काठी कार्रवाई करें इसके अलावा कृषि सामग्री सही दमो पर गुणवत्ता के साथ मिलनी चाहिए अधिक रेट पर बेचने वालों पर भी कार्रवाई हो इस पर किसी भी कृषि विस्तार अधिकारी वीरेंद्र मालवीय ने बताया कि हमारे द्वारा लगातार दुकानों की जांच के बाद सैंपल भी लिए जा रहे हैं। नकली दवाई का कोई व्यापार नहीं हो रहा

## किसानों के साथ ना हो छलावा राजनीता बघेल

है साथ ही जो मूल्य निर्धारित किया गया उस दर पर दवाई उपलब्ध करवाई जा रही है। इसके अलावा शासन से संचालित योजना के संबंध में भी जानकारी लेते हुए कहा कि जो भी योजना किसानों के हित में बनाई गई उनका लाभ पात्र किसानों को मिला इस बात का भी ध्यान रखा जाए इस पर उन्होंने विभाग से संचालित योजना के बारे में बताते हुए कहा कि पात्र किसानों को शासन की योजना का लाभ पहुंचाने का काम निरंतर किया जा रहा है। बाजार में कई विक्रेताओं के द्वारा



नकली दावों से लेकर अधिक दाम पर कृषि सामग्री बेचने का काम किया जा रहा है कुछ खाद विक्रेताओं के द्वारा भी अधिक दाम पर खाद बेचकर किसानों से मोटी रकम वसूलने का काम किया गया है ऐसी दुकानों की भी निरंतर जांच होनी चाहिए जिसकी किसानों को नकली दबाव से लेकर खाद बीज आदि ना मिले साथ शासन से निर्धारित दर पर ही कृषि सामग्री मिले इस बात का भी ध्यान कृषि विभाग के अमले को रखना होगा।

### जैविक खेती के लिए करें जागरूक

किसानों को जैविक खेती की प्रति जागरूक करने के लिए अधिकारियों अमले को मैदानी क्षेत्र में भेज कर कार्य करना होगा अभी कीटनाशक दावों का अधिक उपयोग होने से किसानों को जो आर्थिक नुकसान भी हो रहा है और जमीन की उर्वरक क्षमता भी कीटनाशक दवा के ज्यादा उपयोग हो रही है। साथ ही कितनी मात्रा में दवा का उपयोग फसलों में करना उसकी जानकारी भी अधिकांश किसानों को नहीं है क्योंकि मैदानी अमले के द्वारा अपने काम को सही तरीके से नहीं किया जाता है।इस दौरान कृषि समिति के सदस्य कलेक्टर सिंह यादव ,श्रीमती शीला बाई , दयाराम लोधी , सतीश कुमार शर्मा ओम प्रकाश पटेल , आदि मौजूद थे ।

# एलवीएस में एनएसयूआई ने समस्याओं संबंधी मांग पत्र विद्यार्थियों को बांटे



**सिरोंज।** सोमवार को एनएसयूआई द्वारा कैंपस चलो अभियान के तहत शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नाकोत्तर महाविद्यालय में छात्र- छात्राओं को मांग पत्र वितरित कर उन्हें अभियान से जोड़ा । कैंपस चलो अभियान के तहत मांग पत्र जारी किया है, जिसमे छात्रों की समस्याओं को लेकर मांगे रखी है । पेपर लीक जैसे मामलों के लिए कड़ा कानून बनाया जाए। छात्रवृत्ति पर लोकसेवा गारंटी हो सबको शिक्षा सबको प्रवेश कॉलेज की सीटों में वृद्धि की जाए छात्रसंघ चुनाव इसी सत्र से शुरू किए जाए। 100 महिला और 50 ईडब्ल्यूएस छात्रावास बनाए जाए सहित कई मांग को लेकर छात्र संगठन ने कैंपस चलो अभियान के तहत छात्र छात्राओ को मांग पत्र वितरित किए । इस दौरान समीर कुरैशी , वालराम लोधी , तरुन सेन मौजूद रहे ।

# ईद मिलादुन्नबी इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष जुबेर अहमद पाशा नियुक्त हुए




**विदिशा ।** हर साल की तरह साल भी हजरत मोहम्मद साहब के यौमें पैदाइश पर जश्ने ईद मिलादुन्नबी इंतजामिया कमेटी द्वारा एक जुलूस निकाला जाता है जिसको लेकर दरगाह पुरानी तहसील पेढ़ी चौराहे पर एक मीटिंग रखी गई। मीटिंग की सहमति मुस्लिम समाज के सदर चौधरी सिराज अहमद साहब ने दी मीटिंग की सदारत जनाब चौधरी असरार अहमद अच्छे भाई नूरी ने की मीटिंग में जुलूस के अध्यक्ष पद पर जनाब चौधरी जुबेर अहमद पाशा साहब को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया है । अकबर खान ने बताया हे कि जुलूस चांद देखने के बाद जुलूस की तारीख घोषित की जाएगी । इस मीटिंग में असरार नूरी साहब, चौधरी मुश्शी बाबा, मंजर आलम कुरेशी, लईक पठान, हनीफ पठान करारिया , शाहिद अली वारसी, इरफान आरा मशीन,जुम्मू पहलवान,शरीफ मास्टर, एजाज नाल साहब, अकरम खत्री, आविद खत्री, अमजद खान, नफीस अहमद, राजा बाबा ,रमेश भाई, उमेदी बाबा, उमर खान राजेंद्र गोहर, नईम खा, शम्भू कुरैशी, चंदू कुरैशी, सईद कुरैशी, शेख अमन खा आदि लोगों शामिल थे।

## कलेक्टर ने शहरी एवं ग्रामीण आंगनबाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया

# सीडीपीओ को शोकॉज व सुपरवाईजरों की वेतन वृद्धि रोकने के दिए निर्देश

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर ने जिले की शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित हो रही आंगनबाडी केन्द्रो का सोमवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित क्षेत्रों के सीडीपीओ की उपस्थिति व बिना अनुमति के मुख्यालय छोड़ने पर उन्हें शोकॉज नोटिस तथा आंगनबाडी केन्द्रो में बेहतर व्यवस्थाएं , साफ सफाई, बच्चो की उपस्थिति शत प्रतिशत नहीं पाए जाने के फलस्वरूप तथा पोषण आहार के वितरण एवं रिकार्ड संधारण पंजियों का अवलोकन किया और कार्यो में कमियां पाए जाने के फलस्वरूप सुपरवाईजरो की वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश मौके पर मौजूद विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री भरत सिंह राजपूत को दिए गए है।

कलेक्टर ने विदिशा शहर के ब्लाक कॉलोनी में स्थित आंगनबाडी केन्द्र क्रमांक 35/76 में पहुंचकर आंगनबाडी की संचालन व्यवस्था का जायजा लिया। यहां दर्ज तीस बच्चों में से मात्र दो बच्चे ही आंगनबाडी केन्द्र में उपस्थित पाए गए। उन्होंने आंगनबाडी केन्द्र में भण्डारित पोषण आहार, पका हुआ भोजन सहित अन्य तमाम व्यवस्थाओं का अवलोकन किया है। आंगनबाडी केन्द्र की सहायिका, कार्यकर्ता और सुपरवाईजर क्षमा श्रीवास्तव के द्वारा जानकारियां देने में



असमर्थता प्रदर्शित होने पर आंगनबाडी केन्द्र का रखरखाव ठीक नहीं करने व आंगनबाडी केन्द्रो का निरीक्षण सतत नहीं करने के फलस्वरूप सुपरवाईजर क्षमा श्रीवास्तव की एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर ने ग्राम सौंठिया में संचालित आदर्श आंगनबाडी केन्द्र क्रमांक 18 का भी सोमवार को निरीक्षण किया। यहां बच्चो की उपस्थिति पाए जाने और बच्चो के द्वारा हाजिर जबाव देने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए उन सबसे कहा कि अगली बार मैं टॉफी लेकर आऊंगा और सबको वितरित करूंगा। आंगनबाडी केन्द्र में रिकार्ड पंजियां सुव्यवस्थित रूप से नहीं पाए जाने, मेम और सेम बच्चो की जानकारियों के साथ-साथ पोर्टल और रिकार्ड में अंतर पाए जाने के फलस्वरूप एवं बच्चो से संबंधित अन्य जानकारियां देने में असमर्थ रहीं सुपरवाईजर संगीता सूर्यवंशी की एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए है।

### एकीकृत शाला परिसर में पहुंचे कलेक्टर

कलेक्टर ने ग्राम सौंठिया के एकीकृत शाला परिसर में संचालित विद्यालय का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षा चार एवं पांच के विद्यार्थियों से संवाद कर शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया। ग्रामीण क्षेत्र के स्कूली बच्चो द्वारा प्रश्नो के त्वरित दिए गए हाजिर जबाव से प्रसन्नचित होकर कलेक्टर ने विद्यार्थियों का हौंसला अफजाई किया। कलेक्टर श्री सिंह ने कक्षा पांचवी के विद्यार्थियो से अंग्रेजी में कौन जबाव देगा, खुशी कुशवाह ने तुरंत हामी भरते हुए तुरंत हाथ उठाया ओर अपना परिचय दिया। कलेक्टर द्वारा पूछे गए प्रश्नो का सही-सही जबाव दिया। परी ने बेहिचक होकर सात का पहाडा सुनाया। कलेक्टर श्री सिंह ने स्कूली बच्चो के हाजिर जबाव को देते देखकर कहा कि यहां पढाई अन्य स्कूलो की अपेक्षा अच्छी है बच्चे किसी भी प्रकार से संवाद करने में झिझक नहीं रहे है।

### कलेक्टर के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ग्यारसपुर की एक्स-रे मशीन पुनः क्रियाशील हुई

**विदिशा।** विदिशा जिले के ग्यारसपुर विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थापित बंद पड़ी एक्स-रे मशीन पूर्व की ही भांति पुनः शुरू हो गई है। अब एक्सरे मशीन के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने हेतु पहुंचने वाले मरीजों का एक्सरे का कार्य किया जा सकेगा। कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने विगत दिनों ग्यारसपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं के मद्देनजर महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए थे। इस दौरान पाया गया था कि यहां संचालित एक्स-रे मशीन बंद पड़ी है। मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने मशीन को जल्द से जल्द चालू करने के निर्देश दिए थे।

खंड चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि प्राप्त निर्देशों के परिपालन में एक्स-रे का कार्य पुनः शुरू हो गया है और ग्यारसपुर तहसील के मोहम्मदगढ़ निवासी 45 वर्षीय रुबिया बी का एक्स-रे किया गया है।

# शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर सचिव निलंबित

**विदिशा।** जिला पंचायत सीईओ द्वारा आदेश जारी कर शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर जनपद पंचायत लटेरी की ग्राम पंचायत ईसरवास के सचिव भुवनेश्वर शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में सचिव भुवनेश्वर शर्मा का मुख्यालय जनपद पंचायत लटेरी रहेगा तथा उन्हें निलंबन काल में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

जारी आदेश में उल्लेख है कि लटेरी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत ईसरवास के सचिव भुवनेश्वर शर्मा ने सरपंच के बिना जानकारी में लाए पूर्व से अतिक्रमणकर्ताओं की कब्जा भूमि पर खुदे हुए कूपों को स्वीकृत कर राशि का आहरण की है तथा निर्माण कार्य स्वीकृत कर प्रारंभ कर दिए गए। साथ ही रोजगार सहायक के आईडी पासवर्ड को स्वयं के बनवाकर राशि आहरण करने समेत अन्य शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने एवं प्राप्त शिकायतों के आधार पर सचिव के विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही की गई है।

# दूध व पनीर में मिलावट रोकने के लिए समिति का गठन

**सिरोंज ।** दूध, घी, पनीर, एवं मावा में मिलावट रोकने के लिए हाईकोर्ट द्वारा दो सदस्य निगरानी समिति का गठन किया गया है। इस कमेटी में रिटायर जज श्री संजय चतुर्वेदी, एवं रिटायर आईएएस श्री बीएम शर्मा शामिल हैं। विभाग के कर्मचारी हाइवे पर वाहन चेकिंग के प्वाइंट लगाकर दूध वाहनों से सैंपल लेकर उनको जांच के लिए स्टेट लैब भेजेंगे।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन अभिहित अधिकारी, डॉ. योगेश तिवारी ने बताया की उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर में दाखिल अवमानना याचिका के तहत खाद्य पदार्थो में मिलावट कघ रोकथाम एवं सतत निगरानी के लिए दो सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। इसमें कमेटी की पहली बैठक में तय किया गया की पूर्व में बनाये गये चेकिंग प्वाइंट पर गाड़ियों से परिवहन हो रहे खाद्य पदार्थों की जांच की जाएगी। सूचना तंत्र मजबूत किया जाएगा। आमजन अपनी पहचान उजागर किए बिना मिलावट संबंधी शिकायत दर्ज करा सकें। जिले में शिकायत के लिए नंबर 9630026506 उपलब्ध है। आमजन अपनी शिकायत इस नंबर पर दर्ज करा सकते हैं। आमजन अपनी शिकायत विभाग के ऑन लाइन पोर्टल https://foscos.fssai.gov.in/एवं सीएम हेल्पलाइन नं. 181 पर भी दर्ज करा सकते हैं।

# दिन भर रुक-रुक कर होती रही बारिश, गर्मी से राहत



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

सोमवार को भी दिन में हल्की बारिश रुक-रुक कर होती रही इसके चलते जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली वहीं बारिश होने से किसानों को फायदा हो रहा है क्योंकि लंबे इंतजार के बाद दो दिनों से बारिश का दौर प्रारंभ हुआ है ।रविवार को झमाझम बारिश होने से किसानों की फसलों में रौनक आ गई दूसरी ओर केथन डैम के जलस्तर में भी वृद्धि हो गई इसी तरह की बारिश की दरकार आने वाले दिनों में की जा रही है। होती है तो डेम के जलस्तर में वृद्धि होगी साथ ही किसानों की फसले भी अच्छी आएगी पानी गिरने से गर्मी और उमस से भी राहत नहीं मिल पा रही है । वहीं जब वाटर लेवल वृद्धि नहीं होगी तब तक गर्मी से राहत भी नहीं मिलेगी धूप निकलने पर गर्मी के कारण लोगों की हालत खराब होती है। सोमवार को दिल में कई बार हल्की बारिश होने से गर्मी से जरूर रहता लोगों को मिली।

### मौसमी बीमारियों से डॉक्टरों की हो रही है बल्ले बल्ले

इन दिनों मौसम में हो रहा है बदलाव के बाद अस्पतालों में मरीजों की संख्या में भारी वृद्धि देखने को मिल रही है। उल्टी दस्त और बुखार के मरीजों की संख्या अधिक होने से सरकारी अस्पताल की ओपीडी में 3 गुना से अधिक वृद्धि हो गई है। दूसरी ओर प्राइवेट डॉक्टर के पास ही बड़ी संख्या में मेरी पहुंच रहे हैं झोलाछाप डॉक्टरों की भी बल्ले बल्ले हो रही है। इस बार तेज बुखार के मरीजों की संख्या ज्यादा हो रही है सर्दी के साथ बुखार का टेंपरेचर अधिक होने से तीन दिनों में भी बुखार से राहत नहीं मिल पा रही है। इस वजह से सरकारी अस्पताल में तो सुबह से ही मरीजों की लाइन लग जाती है। भीड़ ज्यादा होने से पर्चा बनवाने भी परेशानी होती है। बीएमओ विकास सिंह ने बताया कि मौसमी बीमारियों के साथ वायरल होने से मरीजों की संख्या में वृद्धि हो गई है अस्पताल की ओपीडी में बहुत मरीज़ आ रहें हैं हमारे द्वारा अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों का उपचार करवा कर दबाई उपलब्ध कराई जा रही है ।

**मेट्रो एंकर**

## जिले में पर्याप्त खाद की उपलब्ध तालंबित आवेदनों की समीक्षा

# निर्देश: हर रोज खाद के विक्रय, वितरण व भण्डारण की जानकारियां उपलब्ध कराएं

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर ने सोमवार को लंबित आवेदनो की गहन समीक्षा की। उन्होंने सम-समायिकी अवश्यकताओं की पूर्ति के लिए जिले में किए जा रहे प्रबंधो की विभागवार पृथक-पृथक समीक्षा की है। उन्होंने जिले में विभिन्न प्रकार के खादो की आपूर्ति व उपलब्धता के संबंध में कृषि और सहकारिता विभाग के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने कहा कि जिले में यूरिया, डीएपी एवं कल्चर के रेक आ रहे है इन रेको से प्राप्त होने वाले खाद के वितरण हेतु क्या पैरामीटर निर्धारित है। उन्होंने कहा कि सोसायटी और डबललॉक में पर्याप्त भण्डारण हो कहीं किसी भी प्रकार से यह सूचना प्राप्त नहीं होना चाहिए कि खाद की कमियां है। यदि उपलब्धता के बावजूद खाद के वितरण में किसी भी प्रकार से त्रुटियां पाई जाती है तो सीधे अधिकारियों के ऊपर कार्यवाही होगी। उन्होंने संबंधित विभागो के अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि हर रोज खाद के विक्रय, वितरण व भण्डारण की जानकारियां उपलब्ध कराई जाए वहीं स्थानीय समाचार पत्रों में समितियों में भण्डारित खाद की उपलब्धता पर आधारित खबरे प्रकाशित हो।

कलेक्टर श्री सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यो की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि जिले में कहीं भी महामारी जैसी स्थिति निर्मित ना हो जिसमें मुख्य रूप से हैजा, डेंगू का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि नागरिकों के स्वास्थ्य के प्रति किसी भी प्रकार से



खिलवाड ना हो का विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर श्री सिंह के गतदिवस जिला चिकित्सालय के औचक निरीक्षण में जो कमियां पाई गई है उन्हें दूर करने के संबंध में अब तक क्या कार्यवाही की गई है से सिविल सर्जन सह अधीक्षक ने अवगत कराया। उन्होंने बताया कि 28 सीसी कैमरे दुरूस्त कराए गए है शेष 48 कैमरो को तीन दिवस में ठीक कराने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए है। उन्होंने जिला चिकित्सालय में उचित प्रकाश व स्ट्रीट लाइटो के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि अस्पताल परिसर के अन्दर व बाहर नियत स्थलो पर संकेतक सूचक अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किए जाएं।

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने वीडियो कांफ्रेसिग के माध्यम से समस्त एसडीएम व तहसीलदारो को निर्देश दिए है कि हर रोज आंगनबाडी केन्द्रो व स्कूलो का निरीक्षण जरूर करें। उन्होंने सोमवार को विदिशा शहर के आंगनबाडी केन्द्र के निरीक्षण में पाई गई कमियों को रेखांकित करते हुए कहा कि सभी आंगनबाडी केन्द्रो में कसावट लाने के लिए निरीक्षण अति आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान बच्चो की उपस्थिति, उन्हें प्रदाय किए जाने वाला खाना, पेयजल की स्वच्छता के साथ-साथ आंगनबाडी केन्द्र में साफ सफाई व बच्चो को प्रदाय की जाने वाली खेल सामग्री व स्टॉक पंजियों का निरीक्षण जरूर करें।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सभी खण्ड स्तरीय अधिकारी एसडीएम से अनुमति प्राप्ति के उपरांत ही मुख्यालय छोडे। उन्होंने अधीनस्थ कार्यालयों के सतत निरीक्षण पर भी बल दिया है। बैठक में सड़को से निराश्रित पशुधन को गौशालाओं में पहुंचाने, जल जीवन मिशन के चिन्हित गांव में एक भी परिवार छूटे ना, जर्जर भवनो के चिन्हांकन के उपरांत उनकी विनिष्टिकरण तथा राहत राशि के प्रकरणो में पीडित परिवार को मदद प्राप्ति में विलम्ब ना हो का विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर श्री सिंह ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रो में बिजली की आपूर्ति के संबंध में जो शिकायते प्राप्त हो रही है के समाधान हेतु शिविर आयोजित कर स्थानीय नागरिकों से संवाद किए जाएं। उन्होंने पीएम जनमन के कार्यो को शत प्रतिशत पूरा कराने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए इसी प्रकार अन्य विभागो के कार्यो की समीक्षा की गई जिसमें खाद्य विभाग, राजस्व, जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग शामिल है।


**कार्यालय वन मण्डल भोपाल**

74 बंगला, खेल परिसर लिंक रोड क्र. -1 भोपाल

फोन नं. 2674359 (कार्या), 2674322 (फैक्स) E-mail-dfotbpl@mp.gov.in

**सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आरामशीन मेसर्स टेक्टोना टिम्बर मर्चेंट प्रो. श्री बदर आलम, पातरा रोड भोपाल का नामांतरण उनके भतीजे उस्मान आ. श्री अब्दुल सलीम मेसर्स मान ट्रेडर्स के नाम से बिना स्थान परिवर्तन किये नामांतरण किया जाना है। आरामशीन के संबंध में उनके अतिरिक्त परिवार के किसी अन्य सदस्य किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो सार्वजनिक सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से अपनी आपत्ति इस कार्यालय में उपस्थित होकर दर्ज करा सकते हैं। वाद दिनांक कोई दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं की जावेगी। प्रकरण में आरामशीन का नामांतरण मेसर्स मान ट्रेडर्स उस्मान आ. श्री अब्दुल सलीम के नाम से बिना स्थान परिवर्तन मण्डी रोड नियर पातरा पुल भोपाल के नाम से कर दिया जावेगा।

(आलोक पाठक)
भा.व.से, वन संरक्षक एवं
पदैन वनमण्डलाधिकारी सामान्य वन मण्डल भोपाल

G-15600/24

# यूएस ओपन टेनिस : महिला एकल चैंपियन उलटफेर का शिकार कोको गॉफ चौथे दौर में हारकर हुई बाहर



**न्यूयार्क. एजेंसी**

घरेलू सरजमीं पर लगातार दूसरी बार यूएस ओपन चैंपियन बनने का सपना देख रही अमरीका की 20 वर्षीय खिलाड़ी कोको गॉफ भी उलटफेर का शिकार होकर बाहर हो गई। इस तरह से पुरुष एकल चैंपियन नोवाक जोकोविच के बाद महिला एकल चैंपियन की चुनौती भी खत्म हो गई। नवारो ने कोको गॉफ को इस साल विम्बलडन के भी अंतिम-16 मुकाबले में हराया था। वह 2004 में सेरेना विलियम्स के बाद एक सीजन में यूएस ओपन और विम्बलडन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली अमरीकी खिलाड़ी बनीं। अब अंतिम आठ में नवारो का मुकाबला 26वीं वरीय स्पेनिश खिलाड़ी पाउला बाडोसा से होगा, जिन्होंने चीन की वेंग याफेन को शिकस्त दी।

## इधर, नियमों का उल्लंघन, रात 2.15 बजे खत्म हुआ मुकाबला

देर रात तक चलने वाले मैचों पर रोक लगाने के लिए एटीपी और डब्ल्यूटीए ने इस साल जनवरी में एक नियम बनाया था। इसके तहत, कोई भी मैच रात 11 बजे के बाद शुरू नहीं हो सकता लेकिन इस साल खेले गए सभी चारों ग्रैंड स्लेम के दौरान नियम तोड़े गए और देर रात तक मैचों का आयोजन हुआ। चीन की सातवीं वरीय क्निवेन झेंग और क्रोएशिया की डोना वेकिक के बीच महिला एकल का अंतिम-16 मैच रात 2.15 बजे खत्म हुआ। यह देर रात सबसे ज्यादा समय तक चलने वाला मैच बना। इससे पहले, यह रेकॉर्ड रात 2.13 बजे था, जो 2021 में मारिया साकारी और बियांका के बीच अंतिम-16 मैच में बना था। **अब सबालेका से मैच:** चीन की खिलाड़ी झेंग ने 7-6, 4-6, 6-2 से वेकिक को हराया और दूसरी बार क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। झेंग का सामना अब नंबर दो वरीय खिलाड़ी आर्यना सबालेंका से होगा।



# पेरिस पैरालिंपिक सुमित ने जैवलिन थ्रो में गोल्ड जीता

## बैडमिंटन में एक गोल्ड समेत 4 मेडल डिस्कस थ्रो में सिल्वर, आर्चरी में ब्रॉन्ज

**पेरिस. एजेंसी**

पेरिस पैरालिंपिक में भारत को 5वें दिन का दूसरा गोल्ड मेडल मिल चुका है। जैवलिन थ्रो में सुमित अंतिल ने पैरालिंपिक रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने 70.59 मीटर दूर थ्रो फेंककर पहला स्थान हासिल लिया। उनसे पहले बैडमिंटन में नितेश कुमार ने गोल्ड जीता था। बैडमिंटन में भारत ने 4 मेडल जीते। नितेश के बाद सुहास यथिराज ने सिल्वर मेडल जीता। जबकि विमेंस इवेंट में थुलासिमथी मुरुगेसन ने सिल्वर और मनीषा रामदास ने ब्रॉन्ज मेडल दिलाया। इनसे पहले डिस्कस थ्रो में योगेश कथुनिया ने सिल्वर जीता, जबकि आर्चरी में राकेश कुमार और शीतल देवी की जोड़ी ने ब्रॉन्ज दिलाया।

### राकेश-शीतल ने गंवाया आर्चरी सेमीफाइनल

भारत को आर्चरी के सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। राकेश कुमार और शीतल देवी की वर्ल्ड नंबर-1 मिक्स्ड डबल्स जोड़ी को ईरानी जोड़ी ने हरा दिया। 4 एंड के बाद स्कोर 152-152 पर बराबर रहा। टाई-ब्रेकर में दोनों टीमों ने 20-20 पॉइंट्स स्कोर किए, लेकिन ईरानी आर्चर का शॉट 10 के ज्यादा के करीब होने के कारण उन्हें जीत मिली।

### पैरालिंपिक में भारत को अब तक 14 मेडल

पैरालिपिक में भारत अब तक 3 गोल्ड, 5 सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज जीत चुका है। आज भारत एथलेटिक्स में भी मेडल जीत सकता है। पैरा बैडमिंटन मिक्स्ड स॥-6 इवेंट में भारत की नित्या श्री सिवान और शिवराजन सोलाईमलाई की जोड़ी ब्रॉन्ज मेडल मैच हार गई। अब सिंगल्स में नित्या श्री सिवान इंडोनेशिया की रीना मर्लिना से ब्रॉन्ज मेडल मैच खेलेंगी।

### विमेंस 400 मीटर के फाइनल में पहुंचीं दीप्ति

दीप्ति जीवांजी ने विमेंस 400 मीटर की टी-20 कैटेगरी के फाइनल में जगह बना ली। उन्होंने राउंड-1 की पहली रेस में 55.45 सेकेंड की टाइमिंग के साथ पहला स्थान हासिल किया। हालांकि, दूसरी रेस में तुर्किये की आयसेल ओन्डेर ने 54.96 सेकेंड की टाइमिंग के साथ क्वालिफाई किया। इसी के साथ उन्होंने पैरालिंपिक और वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बना दिया। टी-20 कैटेगरी में 400 मीटर का वर्ल्ड रिकॉर्ड दीप्ति के नाम ही था। उन्होंने इसी साल 20 मई को 55.07 सेकेंड में रेस पूरी कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। 400 मीटर का फाइनल 3 सितंबर को रात 10ः30 बजे के बाद खेला जाएगा।

### सुहास यथिराज को सिल्वर मेडल

भारत के सुहास यथिराज फाइनल हार गए, जिस कारण उन्हें सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। उन्हें फ्रांस के लुकास माजुर ने 21-9, 21-13 से हरा दिया। यथिराज भारत के ही सुकांत कदम को सेमीफाइनल हराकर फाइनल में पहुंचे थे। सुकांत ब्रॉन्ज मेडल मैच में इंडोनेशिया के फ्रेडी सेतियावान के खिलाफ 21-17, 21-18 से हार गए। वे एथलीट्स आते हैं, जिन्हें एक या दोनों पैर से चलने में दिक्कत होती है।

### मुरुगेसन ने सीधे गेम में गंवाया मैच

विमेंस की स५ कैटेगरी में भारत की थुलासिमथी मुरुगेसन का फाइनल मुकाबला चीन की क्युएक्स यांग से हुआ। यांग ने पहला गेम 21-17 से जीता। दूसरे गेम में भी यांग ने दबाव बनाया और 11-5 की बढ़त बना ली, उन्होंने 21-10 से गेम जीता और गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया। मुरुगेसन को सिल्वर से संतोष करना पड़ा। दूसरी ओर, स५ कैटेगरी में ही भारत की मनीषा रामदास ने ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया। उन्होंने डेनमार्क की कैथरीन रोसेनग्रेन को 21-12, 21-8 के अंतर से सीधे गेम में ही हराकर ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा किया। स५ कैटेगरी मे वे एथलीट्स आते हैं, जिनके हाथों में कमी होती है। यानी वे प्लेयर जिनके खेलने वाले हाथ या दूसरे हाथ में दिक्कत होती है।

### घर पर बधाई देने वालों का लगा हुआ है तांता

# रूबीना ने कहा था मेडल जरूर लाऊंगी

**जबलपुर. एजेंसी**

पैरालंपिक की शूटिंग स्पर्धा में देश को कांस्य पदक दिलाने वाली प्रदेश की शूटर रूबीना फ्रांसिस के परिवार की भावनाएं हिलोरें ले रही हैं। संस्कारधानी में घर पर बधाई देने वालों का तांता है। मां सुनीता व पिता साइमन फ्रांसिस से बोले, वह वादा करके गई थी कि इस बार मेडल जरूर लाऊंगी। जब फोन पर बताया तो लगा हमारा संघर्ष सफल हुआ। हमने संघर्ष को जीया है, पर उसने हमारी झोली फूलों से भर दी।

मां सुनीता स्थानीय अस्पताल में नर्स व पिता मोटर मैकेनिक का काम करते हैं। निगम की कार्रवाई में दुकान हटाए जाने के बाद पिता की आमदनी बंद हो गई। ऐसे में परिवार पर आर्थिक संकट आ गया। रूबीना की ट्रेनिंग पर भी असर पड़ने लगा। बाद में पिता ने घर-घर जाकर रिपेयरिंग करना शुरू किया। भाई ने भी पढ़ाई के साथ काम शुरू किया। फिर भी अकादमी की फीस भरना मुश्किल हो रहा था।

**आसान नहीं थी राह:** सुनीता ने बताया, रुबीना के लिए इस मुकाम हासिल करना आसान नहीं था। 1999 में जन्मी रूबीना बचपन रिकेट्स नामक बीमारी से जूझ रही हैं। वह पैरों से 40त्न दिव्यांग हैं, पर इच्छाशक्ति से दिव्यांगता को हावी नहीं होने दिया। स्कूल में 2014 में हुए टैलेंट सर्च प्रोग्राम में रुबीना के लिए शूटिंग की राह खुली। इसमें उसने अपना भविष्य देखा। विशेषज्ञों ने भी उसका हौसला बढ़ाया। शुरुआत तो उसने शहर में की, लेकिन बाद में शूटिंग अकादमी भोपाल में ट्रेनिंग ली। कोच जयवर्धन ने उसे तराशा।



### विश्व डेफ शूटिंग चैंपियनशिप : भारत का रहा दबदबा

# धनुष ने रेकॉर्ड के साथ स्वर्ण पर निशाना साधा

**हनोवर (जर्मनी). एजेंसी**

विश्व डेफ शूटिंग चैंपियनशिप के दूसरे दिन पुरुषों के 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में भारत का दबदबा रहा। इस स्पर्धा में धनुष श्रीकांत, शौर्य सैनी और मोहम्मद मुर्तजा वानिया ने भारत की झोली में तीनों पदक डाले। इस दौरान धनुष ने एक ही दिन में दो रेकॉर्ड बनाए। उन्होंने पहले क्वालीफिकेशन राउंड में 632.7 का स्कोर बनाया और विश्व रेकॉर्ड को तोड़ा। उसके बाद फाइनल में 251.7 का स्कोर बना विश्व रेकॉर्ड बनाया। 249.9 स्कोर के साथ शौर्य ने रजत पदक और वानिया ने 226.2 स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता।

**इधर, महिला वर्ग में माहित और नताशा ने जीते पदकः** भारत ने महिला वर्ग में भी शानदार प्रदर्शन किया। माहित संधू व नताशा जोशी ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। पहले दिन भारतीय दल ने चार पदक (एक स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक) जीत थे।



## मेट्रो बाजार

# मंजूरी: 2025 में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप आएगी

**नईदिल्ली. एजेंसी**

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 2025 के मध्य तक भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप आएगी। अश्विनी वैष्णव ने यह बात कैबिनेट मीटिंग के बाद को ब्रीफिंग में कही है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कैबिनेट ने इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरर कायन्स इंडस्ट्रीज के हर दिन 63 लाख चिप्स बनाने की कैपेसिटी वाला सेमीकंडक्टर पैकेजिंग प्लांट बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कायन्स इस प्लांट के लिए 3,300 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। 2,817 करोड़ की लगात से डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन शुरू होगा। इसके अलावा अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 2,817 करोड़ रुपए की लागत से



सरकार डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन शुरू करने का फैसला किया है। इस योजना के लागू होने से किसानों को आसानी से लोन मिलेगा। एक क्लिक पर उनको फसलों की जानकारी मिलेगी। वहीं 3,979 करोड़ रुपए की लागत वाली क्रॉप साइंस स्कीम और 1,702 करोड़ रुपए की पशुधन हेल्थ स्कीम को भी मंजूरी मिल गई है। कैबिनेट की तरफ से नेचुरल फार्मिंग के लिए नेशनल मिशन को भी मंजूरी दे दी गई है। इसके अलावा कैबिनेट ने मुंबई से इंदौर रेलवे लाइन बिछाने का भी ऐलान किया है। मुंबई-इंदौर रेल कनेक्टिविटी के लिए 18,000 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। कायन्स इंडस्ट्रीज का प्लांट गुजरात के साणंद में 46 एकर्स में बनाया जाएगा। जहां 76,000 करोड़ रुपए के इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन के तहत दो अन्य चिप मेकिंग प्रपोजल को भी मंजूरी दी गई है।

# अब भारत में ही बनाए जाएंगे हेलिकॉप्टर के इंजन



## एचएएल और फ्रांसीसी कंपनी में करार

**नईदिल्ली. एजेंसी**

भारत ने मेक इन इंडिया के तहत रक्षा उत्पादन में बड़ी छलांग लगाई है। देश में हेलिकॉप्टर के इंजन बनाने का रास्ता साफ हो गया है। सशस्त्र बलों के लिए स्वदेशी मल्टी-रोल हेलिकॉप्टरों व डेक-आधारित मल्टी-रोल हेलिकॉप्टरों के लिए भारत में ही इंजन बनाए जाएंगे। इसके लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लि. और फ्रांस की कंपनी सेफ्रान के बीच करार हुआ है। इसके तहत बनने वाले इंजन का नाम अरावली' रखा गया है। हेलिकॉप्टर इंजन डिजाइन व उत्पादन के लिए बेंगलूरु में संयुक्त उद्यम कंपनी सफल हेलिकॉप्टर इंजन प्राइवेट लिमिटेड' स्थापित की गई है।

# उधार पर जिंदगी... क्रेडिट कार्ड से रेकॉर्ड 1.7 लाख करोड़ खर्च

**मुंबई. एजेंसी**

क्रेडिट कार्ड से खर्च के मामले में भारतीय लोगों ने नया रेकॉर्ड बनाया है। जुलाई में लोगों ने क्रेडिट कार्ड से 1.7 लाख करोड़ रुपए खर्च किए। एसबीआइ सिक्योरिटीज की रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल जुलाई में क्रेडिट कार्ड से



खर्च की रकम पिछले साल की जुलाई से 19 फीसदी ज्यादा है। यह वृद्धि ट्रांजेक्शन के लिए क्रेडिट कार्ड पर बढ़ती निर्भरता को बताती है। लोगों ने जुलाई में क्रेडिट कार्ड से कुल 38.4 करोड़ ट्रांजेक्शन किए। यह संख्या भी पिछले साल की समान अवधि से 39 फीसदी ज्यादा है। ट्रांजैक्शन और खर्च के मामले में एचडीएफसी बैंक सबसे आगे रहा। एचडीएफसी बैंक के क्रेडिट कार्ड से सबसे अधिक 9.9 करोड़ ट्रांजैक्शन हुए, जिसमें कुल 44,369 करोड़ रुपए खर्च हुए।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# 'लाइगर' की स्क्रिप्ट में कुछ चीजों से थी अनन्या को आपत्ति, बदलाव के लिए उठाई थी आवाज



अनन्या पांडे हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी एक पहचान बनाने में जुटी हुई हैं। उन्होंने साल 2019 में करण जौहर के निर्देशन में बनी फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से फिल्मी दुनिया में कदम रखा था। अपने पांच साल के करियर में उन्होंने कुछ ही फिल्में की हैं। आखिरी बार उन्हें साल 2023 में रिलीज हुई खो गए हम कहां में देखा गया था। इस वक्त अभिनेत्री अपनी आगामी सीरीज कॉल मी बे के प्रमोशन में जुटी हुई हैं। इस बीच उन्होंने अपनी पिछली फिल्मों में से एक लाइगर को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि उन्हें फिल्म की स्क्रिप्ट में कुछ आपत्तिजनक लगा, जिसमें उन्होंने निर्माताओं से बात कर बदलाव भी कराया। अनन्या पांडे ने बताया कि कैसे नई पीढ़ी के कलाकार के रूप में, अभिनेत्री ने विजय देवरकोंडा अभिनीत लाइगर की स्क्रिप्ट पढ़ते समय उसकी कुछ आपत्तिजनक चीजों की ओर ध्यान आकर्षित कराया। उन्होंने कहा कि एक महिला के रूप में कुछ चीजों का ध्यान रखना और उनको संबोधित करना उनकी जिम्मेदारी है। अनन्या ने कहा, लाइगर में, उस स्क्रिप्ट में बहुत सी चीजें ऐसी थीं, जहां मैं ऐसा महसूस करती थी कि ये सब कहने के लिए मैं ठीक नहीं हूं। एक महिला के रूप में यह सही नहीं है। अभिनेत्री ने आगे कहा कि निर्माताओं ने वो सारे बदलाव किए भी, जिससे वह काफी खुशी महसूस करती हैं कि उन्होंने तब इसे लेकर अपनी राय जाहिर की थी। अभिनेत्री ने आगे कहा की उनका मानना है एक महिला के रूप में यह उनकी जिम्मेदारी है कि वह स्क्रिप्ट में अनुचित चीजों को संबोधित करें और उनके खिलाफ बोलें। अभिनेत्री ने एक युवा और नई पीढ़ी की महिला कलाकार के रूप में सही चीजों के लिए खड़े होने को लेकर भी बात की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमारे देश में महिलाओं की सुरक्षा पर चर्चा करना कितना महत्वपूर्ण है। इस वजह से वह मानती हैं कि बतौर कलाकार फिल्मों की स्क्रिप्ट में भी कुछ आपत्तिजनक लगे, तो उसे लेकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई जानी चाहिए। बताते चलें कि अनन्या पांडे ने साल 2022 में फिल्म लाइगर के साथ अपना तेलुगु डेब्यू किया। इस फिल्म में वह साउथ के मशहूर अभिनेता विजय देवरकोंडा के साथ नजर आई थीं।

# 'भूल भुलैया 3' के सेट पर साथ दिखे कार्तिक आर्यन-विद्या बालन, फिल्म के लिए किया पोस्टर




अभिनेता कार्तिक आर्यन और विद्या बालन को हाल ही में भूल भुलैया 3 के पोस्टर शूट के लिए सेट पर देखा गया। दोनों को साथ देख प्रशंसकों का उत्साह बढ़ गया है। बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म भूल भुलैया 3 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसके साथ ही प्रशंसकों को भी फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। वहीं, अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है, जो प्रशंसकों को उत्साहित कर देगी। अभिनेता कार्तिक आर्यन और विद्या बालन को हाल ही में भूल भुलैया 3 के पोस्टर शूट के लिए सेट पर देखा गया, जिससे इस बात की उम्मीद बढ़ गई है कि यह दिवाली पर रिलीज होने वाली एक बड़ी फिल्म होगी। इस दौरान कार्तिक आर्यन अपने सिग्नेचर भूल भुलैया लुक में नजर आए, जो पिछली फिल्म के उनके किरदार रूह बाबा की याद दिलाता है, वहीं विद्या बालन काले रंग की साड़ी पहने नजर आईं। विद्या ने पहली भूल भुलैया फिल्म में अवनी उर्फ मंजुलिका का किरदार निभाया था। विद्या दूसरी फिल्म का हिस्सा नहीं थीं और उनकी जगह तब्बू ने मंजुलिका की भूमिका निभाई थी। कार्तिक आर्यन और विद्या बालन को एक साथ देखकर प्रशंसकों में उत्साह बढ़ गया है, जो फिल्म के बारे में अधिक जानकारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अनीस बज्मी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में कार्तिक भूत भगाने वाले रूह बाबा की भूमिका निभाएंगे। अनीस ने फेंचाइजी के दूसरे भाग का भी निर्देशन किया था। भूल भुलैया 2 एक ब्लॉकबस्टर थी, जिसने दुनिया भर में लगभग 300 करोड़ रुपये की कमाई की।



# कथित बॉयफ्रेंड के साथ पोज देने से कतराती दिखीं सुष्मिता

इन दिनों सुष्मिता सेन फिल्मों में अभिनय के लिए कम लेकिन अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर कुछ ज्यादा ही चर्चा में बनी हुई हैं। बीते सोमवार मुंबई रात शहर में सुष्मिता सेन को उनके कथित बॉयफ्रेंड रोहमन शॉल के साथ देखा गया। उनकी एक साथ मौजूदगी ने उनके रिश्ते को लेकर चल रही अटकलों को और हवा दे दी है। दोनों कार से निकले और रोहमन तुरंत ही घर के अंदर चले गए, जबकि पैपराजी के कहने पर सुष्मिता ने पोज दिए। इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि रोहमन शॉल सुष्मिता का हैंडबैग लेकर कार से बाहर आते हैं और कैमरे की तरफ देखे बगैर ही सीधे बिल्डिंग के अंदर चलते हैं। फिर कुछ मिनटों के अंदर सुष्मिता कार से बाहर आईं और उन्होंने कैमरे के लिए पोज दिया। जब पैप्स ने उनसे रोहमन के साथ पोज देने का अनुरोध किया, तो अभिनेत्री ने कहा, थोड़ी जल्दी में हूं। अब दोनों का यह वीडियो तेजी से सोशल मीडिया में वायरल हो गया है। एक पॉडकास्ट के दौरान सुष्मिता सेन ने किसी के साथ डेटिंग करने की अफवाहों से साफ इनकार कर दिया था। अभिनेत्री के अपने पूर्व प्रेमी रोहमन शॉल के साथ डेटिंग करने की अफवाह है। अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती के पॉडकास्ट के पहले एपिसोड में सुष्मिता ने खुलासा किया कि वह पिछले दो सालों से सिंगल हैं। उन्होंने बताया कि उनके पास बहुत अच्छे दोस्त हैं, लेकिन वह फिलहाल किसी के साथ डेटिंग नहीं कर रही हैं। मेरे जीवन में कोई पुरुष नहीं है। मैं कुछ समय से सिंगल हूं। लगभग दो साल हो गए हैं जब से मैं सिंगल हूं, शायद 2021 से मैं किसी रिलेशनशिप में नहीं हूं। मेरे जीवन में कुछ अविश्वसनीय रूप से अद्भुत लोग हैं जो मेरे दोस्त हैं और वे सभी बस उस पल का इंतजार कर रहे हैं जब मैं उन्हें कॉल करूं और कहूं, देखो, मैं कार निकाल रही हूं, पीछे की सीट पर बैठ जाओ। हम गोवा जा रहे हैं। सुष्मिता सेन को आखिरी बार राम माधवानी और संदीप मोदी की एक्शन थ्रिलर सीरीज 'आर्या' की तीसरी किस्त में देखा गया था।

# नजीराबाद में एटीएम मशीन लूटने का प्रयास करने वालों का नहीं लगा सुराग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित रुनाहा में रविवार तड़के एटीएम में लूटपाट के इरादे से पहुंचे नकाबपोश बदमाश और उसके साथी का तीन दिन बाद भी सुराग नहीं लगा है। पुलिस सफेद रंग की स्वीफ्ट कार की तलाश कर रही है। आरोपी श्मशाबाद की तरफ भागे थे। इसलिए श्मशाबाद पुलिस और श्मशाबाद में मुख्य सड़क पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। हालांकि पुलिस के हाथ सफलता नहीं लगी है।

## - पुलिस ने किया पीछा तो गाड़ी के सामने फेंका था सिलेंडर
## - महानीम चौराहा शमशाबाद की तरफ भागे थे बदमाश



### गार्ड ने दी पुलिस को सूचना

गार्ड ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस वहां से तीन मिनट पहले ही गश्त कर निकली थी। लिहाजा तत्काल पुलिस की टीम पहुंच गई। गार्ड से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने कार का पीछा किया, लेकिन कार का ड्राइवर तेजी से कार चलाते हुए बैरसिया की तरफ भाग रहा था। लिहाजा बैरसिया पुलिस को वायरलेस सेट पर सूचना दी गई। बैरसिया पुलिस ने थाना मोबाइल की जीप कार के सामने लगाई तो कार के ड्राइवर ने कट मारते हुए साइड से कार निकाल ली।

### महानीम चौराहा तक किया पीछा

बैरसिया पुलिस की टीम ने कार का महानीम चौराहा तक पीछा किया, लेकिन थाने की पुरानी गाड़ी इस बार फिर पीछे रह गई। पीछा करते समय एक बार थाने की गाड़ी कार से काफी करीब आ गई थी, लेकिन कार में बैठे युवक ने गाड़ी के सामने गैस सिलेंडर फेंककर उसे अनियंत्रित करने का प्रयास किया था।

थाना प्रभारी कृष्णा ठाकुर ने बताया कि रुनाहा गांव में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ब्रांच सड़क किनारे है। ब्रांच से ही लगा हुआ एटीएम है। इस एटीएम बूथ पर गार्ड रहता है। शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब तीन बजे गार्ड बूथ में ही बने अंदर वाले कमरे में रेस्ट कर रहा था। एटीएम का दरवाजा उसने अंदर से लॉक कर दिया। इसी बीच तीन बजे रात में एक युवक कार से उतरकर आया और गेट खटखटाया। मुंह पर कपड़ा बंधा होने के कारण युवक गार्ड ने गेट नहीं खोला। इसी बीच पुलिस की गाड़ी का हूटर बजा और उक्त युवक कार में बैठकर अपने साथी के साथ निकल गया।

# अस्पताल में तोड़फोड़, डॉक्टर से मारपीट करने वाले 9 आरोपी गिरफ्तार

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

रचना नगर के सिटी मल्टी अस्पताल में पथराव, डॉक्टरों के साथ मारपीट करने वाले 9 आरोपियों की पुलिस ने पहचान कर गिरफ्तार कर लिया है। इसमें चार नाबालिग हैं। एसीपी दीपक नायक ने बताया कि मुंगीलाल, मंगल वंशकार, राजेश कुशवाहा, राजेश उर्फ बल्लू, भगवान दास समेत चार नाबालिगों को गिरफ्तार किया गया है। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी। पुलिस ने वीडियो के जरिए आरोपियों की पहचान की है। आरोपी पथराव करते हुए वीडियो में दिख रहे हैं। अन्य आरोपियों की भी पहचान कर जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। बतादें, डॉक्टरों के एसोसिएशन ने रविवार को पुलिस अधिकारियों से जल्द गिरफ्तारी की मांग की थी। रचना नगर निवासी डॉक्टर उज्जल ने पुलिस को अपने बयान में बताया कि वह सिटी मल्टी अस्पताल का संचालक हैं। इसके साथ डाक्टरी करते हैं। 30 अगस्त की शाम 7.10 बजे अस्पताल से थोडी दूरी पर एक व्यक्ति का एक्सीडेन्ट हुआ था। इलेक्ट्रीक आटो में रखकर उस व्यक्ति को सिटी मल्टी अस्पताल में इलाज के लिए लेकर आए। अस्पताल के बाहर आटो से स्टेचर पर मरीज को लेटाया गया। डॉक्टर राहुल ठाकूर ने आहत व्यक्ति को चेक किया। उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने उसका शव हमीदिया अस्पताल भिजवा दिया था। रात करीब पौने नौ बजे 50-60 लोगों की भीड़ ने अस्पताल में पथराव कर दिया था। स्टॉफ के साथ मारपीट की गई थी।



# पति करता था किसी अन्य महिला से बात तो लगा ली थी फांसी

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित यादव मोहल्ला अहिरपुरा में रविवार शाम नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि दो तीन दिन से दंपती में कहासुनी हो रही थी। रविवार शाम को भी कहासुनी हुई और पति घर से बाहर निकल गया। इस दौरान पत्नी ने फांसी लगा ली। मामला नव विवाहिता से जुड़ा होने के कारण मर्ग डायरी एसीपी को सौंपी गई है। आगे की जांच एसीपी द्वारा की जाएगी। पुलिस के अनुसार आनंद नगर निवासी मुस्कान साहू की चौदह महीने पहले कोलार निवासी कुनाल अहीरे से शादी हुई थी। कुनाल बंगले पर साफ सफाई का काम करता है। कुनाल ने पुलिस को बताया कि मुस्कान उस पर चरित्र संदेह करती थी। उसके मोबाइल पर किसी परिचित युवती का कॉल आता था तो विवाद करने लगती थी। तीन दिन से कुनाल और मुस्कान के बीच इसी बात को लेकर कहासुनी हो रही थी। रविवार को भी मुस्कान और कुनाल के बीच कहासुनी हुई और कुनाल घर से बाहर निकल गया। कुछ देर बाद घर लौटा तो मुस्कान फांसी लगा चुकी थी। कुनाल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

## महादेव की सवारी



भोपाल, दोपहर मेट्रो। राजधानी के छोला गणेश मंदिर से महादेव की सवारी निकाली गई।

# चाय की गुमठी पर गिरी हाइटेंशन लाइन, युवक की करंट से मौत

**भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र स्थित गोल गांव में चाय की गुमठी पर ऊपर से गुजर रही हाइटेंशन लाइन टूटकर गिरने से युवक की मौत हो गई। करंट लगने से गंभीर झुलसी हालत में उसे ए स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान रविवार रात उसकी मौत हो गई। मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक गोल गांव कोलार निवासी सुभाष साहू (29) की घर से थोड़ी दूरी पर चाय की गुमठी है। 26 जुलाई को तेज आंधी व बारिश के चलते गुमठी के ऊपर से गुजर रही हाइटेंशन लाइन टूटकर गुमठी पर गिर गई थी। करंट लगने से सुभाष साहू गंभीर रूप से झुलस गया था। एम्स अस्पताल में इलाज के दौरान रविवार रात उसकी मौत हो गई।

# 13 साल के बच्चे का स्कूटर से अपहरण, सीआरपी मैदान में ले जाकर मारपीट, पिता को भी पीटा

## कुछ दिन पहले फरियादी ने मारपीट कर आरोपी का सिर फोड़ दिया था

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

औद्योगिक क्षेत्र अशोका गार्डन में 13 साल के बालक का स्कूटर से अपहरण करने और सीआरपी मैदान ले जाकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। अशोका गार्डन पुलिस ने बालक के पिता की शिकायत पर अपहरण व मारपीट का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में पहले आरोपी के साथ बालक के पिता ने मारपीट कर सिर फोड़ दिया था। उस मामले में आरोपी ने फरियादी के खिलाफ मारपीट का प्रकरण दर्ज कराया था।



पुलिस के मुताबिक कैलाश नगर फेस-4 निवासी राजेश रैकवार (42) खुद की टैक्सी चलाते हैं। उनका 13 साल का बेटा हेमंत स्कूली छात्र है। राजेश ने शिकायत करते हुए बताया कि विगत 24 अगस्त की दोपहर उनके बेटे का कॉल उनके पास आया। उसने बताया कि भीमू अंकल उसे स्कूटर पर बिठाकर सीआरपी मैदान लेकर आए हैं और गाली-गलौज कर मारपीट कर रहे हैं। कॉल आने के बाद राजेश रैकवार अपने भाई संदीप को लेकर मौके पर पहुंचे। तब भीमू उसे औद्योगिक क्षेत्र अशोका गार्डन ले आया था। राजेश ने भीमू से बेटे के साथ मारपीट करने का कारण पूछा तो उसने बताया कि तेरा लड़का बहस बहुत करता है। इस दौरान भीमू ने राजेश रैकवार से भी मारपीट की। राजेश ने उस समय घटना की शिकायत नहीं की। बाद में थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी शिवसागर पांडे उर्फ ीमू (40) को हिरासत में ले लिया है।

### आरोपी का सिर फोड़ दिया था

पुलिस का कहना है कि शिवसागर पांडे प्रापर्टी डीलिंग का काम करते हैं। उनका घर कैलाश नगर फेस टू में है। कुछ दिन पहले राजेश रैकवार ने अपने भाई के साथ मिलकर शिवसागर से मारपीट की थी। घटना में शिवसागर का सिर फट गया था। उन्हें टांके लगे थे। पुलिस ने तब शिवसागर की रिपोर्ट पर राजेश रैकवार और उसके भाई के िलाफ प्रकरण दर्ज किया था। बताया जा रहा है कि राजेश रैकवार का पुत्र हेमंत अपने दोस्तों के साथ शिवसागर के घर के सामने जाकर हुड़दंग मचाता था। मना करने पर भी जब वह नहीं माना तो शिवसागर ने उसे दो-तीन थप्पड़ मार दिए थे। जब यह बात राजेश रैकवार को पत चली तो वह अपने भाई के साथ शिवसागर के घर गया और मारपीट कर उसका सिर फोड़ दिया था।

# पुलिस आयुक्त ने दस निगरानी बदमाशों का किया जिला बदर

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

अगामी त्यौहारों में सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए न्यायालय पुलिस आयुक्त ने सोमवार को 2 सितंबर को राजधानी के निगरानी गुंडे, बदमाशों के खिलाफ जिला बदर के आदेश दिए है। इन बदमाशों के खिलाफ राजधानी के अलग-अलग थानों में मारपीट, छेड़छाड़, हत्या का प्रयास, नकब्जनी, लूट हत्या इत्यादि अपराध दर्ज हैं और उनसे क्षेत्र की शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका है।



**इनके खिलाफ हुई कार्रवाई:** उमंग जायसवाल पिता ओमप्रकाश जायसवाल (24) कुम्हार मोहल्ला थाना बैरागढ़। अनावेदक विकास कसौले पिता ध्रुवराम कसौले (27) सीआरपी फाटक रोड, बैरागढ़। सचिन उर्फ मच्छी मालवीय पिता नरेश मालवीय (21) कोटरा सुल्तानाबाद, थाना कमला नगर। योगेश गौहर पिता लालू गौहर उर्फ लालू कुचबंदिया (26) गौतम नगर कालोनी कंजर मोहल्ला पूर्वी निशातपुरा, गौतम नगर। नफीस पिता स्व. अब्दुल वहीद (25) गली नं. 02 दालमील सब्जी मंडी, थाना मंगलवारा। दानिश बेग उर्फ मिर्जा पिता जफर बेग (28)मछली मार्केट के पीछे थाना तलैया। छोटू उर्फ वाहिद पिता वहीद खान (35) टीलाजमालपुरा। राशिद उर्फ चूहा पिता मोहम्मद खां (40) शिव मंदिर के पीछे थाना जहांगीराबाद। अफसर अली पिता मोहम्मद अली (45) इन्द्रा सहायता नगर, डीआईजी बंगला चौराहा, गौतम नगर और प्रदीप कोली पिता कैलाश कोली (25) बी सेक्टर सौ क्वार्टर, थाना पिपलानी के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की गई।

**मेट्रो** आयुक्त कार्यालय सभागार में विदाई समारोह आयोजित

# विभिन्न शाखाओं में सेवारत 7 पुलिस अधिकारी रिटायर

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

जिला पुलिस बल भोपाल में सेवाकाल पूर्ण कर चुके 7 अधिकारियों, कर्मचारियों की सेवा निवृत्ति के अवसर पर आयुक्त कार्यालय सभागार में विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह के अवसर पर पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पंकज श्रीवास्तव द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारियों को उपहार एवं श्रीफल भेंट कर भावभीनी विदाई दी। इस दौरान स्वस्थ्य एवं सुखी जीवन की शुभकामनाएं दी गई।
इस अवसर पर सेवानिवृत्त अधिकारियों ने अपने सेवाकाल के दौरान महत्वपूर्ण घटनाओं एवं पलों को सभी से साझा किया। साथ ही माता-पिता, पत्नी एवं बच्चों के सहयोग को याद करते हुए भोपाल पुलिस तथा मध्यप्रदेश पुलिस विभाग के सभी अधिकारियों के मार्गदर्शन व सहयोग के लिए आभार जताया। सम्मान समारोह के अवसर पर पुलिस आयुक्त मिश्र ने सभी अधिकारियों




तथा उनके परिजन को सेवानिवृत्ति की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद सभी की दिनचर्या में अक्सर बहुत ही ज्यादा परिवर्तन आ जाता है इस कारण स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। जिससे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य खराब हो जाता है। स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। वृद्धावस्था में स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील रहें' इसलिए आप सभी से आग्रह है कृपया अपने आप को हमेशा व्यस्त रखे एवं फिट रहे ताकि अपना एवं अपने परिवार का बखूबी से ध्यान रख सके।

**यह कर्मचारी और अधिकारी हुए सेवानिवृत:** निरीक्षक राम विलास सिंह विमल, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक अशोक कुमार यादव, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक जयकरण शुक्ला, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक पूरन सिंह, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक प्रहलाद सिंह परिहार, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक बलवंत सिंह राजपूत, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक रेणु सूर्यवंशी।

# दिव्यांग को ननि कमिश्नर के पास लेकर पहुंचे कांग्रेस नेता



**भोपाल।** कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला दिव्यांग व्यक्ति उमाशंकर नन्हेंटे को गोदी में बैठाकर नगर निगम कमिश्नर के पास उनके कार्यालय पहुंचे। उमाशंकर नन्हेंटे वार्ड 58 के गौतम नगर इलाके में पिछले 15 सालों से फास्टफूड की गुमठी लगाते हैं और अनुसूचित जाति वर्ग से आते हैं। दिव्यांग व्यक्ति उमाशंकर नन्हेंटे की गुमठी नगर निगम के अतिक्रमण अधिकारी शैलेन्द्र सिंह भदौरिया ने द्वेषपूर्ण भावना से न सिर्फ हटाया बल्कि गुमठी सहित आजीविका का पूरा सामान जब्त कर लिया। पीड़ित पर मामला दर्ज कराकर गोविंदपुरा थाने में उसे बंद करा दिया। थाने से जमानत भी नहीं होने दी।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022